RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 282
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, मंगलवार, 06 फरवरी, 2024

# द अचीवर टाइम्स



## एक नज़र

### वन नेशन, वन इलेक्शन बैठक में हिस्सा नहीं लेंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए मंगलवार को दिल्ली में आयोजित बैठक में हिस्सा नहीं लेंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को इस बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली जाना था, लेकिन मुख्यमंत्री ने एन वक्त पर यात्रा को रद्द कर दिया। उनकी जगह तृणमूल के दो सांसद बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली नहीं जा रही हैं। इसका कारण भी मुख्यमंत्री ने बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का बजट आठ फरवरी यानी गुरुवार को पेश किया जाएगा। इसलिए अब वह दिल्ली नहीं जा रही हैं। मुख्यमंत्री का सोमवार दोपहर दिल्ली रवाना होने का कार्यक्रम था। लेकिन सोमवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बजट से पहले बहुत काम है। इसलिए वे इस बैठक में हिस्सा नहीं लेंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, उन्होंने पूरा मामला हाई पावर कमेटी के चेयरमैन रामनाथ कोविंद को बताया। उनकी अनुमति के बाद उन्होंने यह यात्रा रद्द की। ममता ने कहा, हाई मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष रामनाथ कोविंद से बात की और उन्होंने इस बात को सहर्ष स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि चूंकि वह जाने में असमर्थ हैं, इसलिए उन्होंने रामनाथ कोविंद से कहा है कि उनकी पार्टी के दो सांसद सुदीप बनर्जी और कल्याण बनर्जी बैठक में शामिल होंगे।

### ईडी की हिरासत में सोरेन तो केजरीवाल को समन

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री सीएम रेवंथ रेड्डी भी ईडी के रडार पर रहे हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2015 में एमएलसी इलेक्शन में पचास लाख रुपये की रिश्वत दी थी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री का पद छोड़ा है। उन्हें जमीन घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले में ईडी की तरफ से पांच समन जारी हो चुके हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी जांच एजेंसी के निशाने पर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# तीसरे कार्यकाल में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की गारंटी : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में अर्थव्यवस्था से लेकर परिवारवाद और अपने तीसरे कार्यकाल तक की बात की। ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। इस भाषण में पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद, भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर, अर्थव्यवस्था राम मंदिर समेत कई मुद्दों पर बात की। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन पर भी जुबानी हमले किए। प्रधानमंत्री ने कहा, अगर किसी परिवार में अपने बलबूते पर, जनसमर्थन से, एक से अधिक लोग राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति करते हैं तो उसे हमने परिवारवाद नहीं कहा। हम परिवारवाद उसे कहते हैं जब परिवार पार्टी चलाता है, परिवार के लोगों को प्राथमिकता देता है, सारे निर्णय परिवार के लोग करते हैं, वो परिवारवाद है।

पीएम ने कहा, कब तक टुकड़ों में सोचते रहोगे, कब तक समाज को बांटते रहोगे, बहुत तोड़ा देश को अच्छा होता कि जाते-जाते तो कम से कम इस चर्चा के दरम्यान कुछ सकारात्मक बातें होती, कुछ सकारात्मक सुझाव आते। लेकिन हर बार की तरह आपने देश को काफी निराश किया।

आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए।

अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर पीएम ने बात की। उन्होंने कहा, शासन के 10 वर्षों के अनुभव के आधार पर, आज की मजबूत अर्थव्यवस्था और आज भारत जिस तीव्र गति से प्रगति कर रहा है, उसे देखते हुए मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हमारे तीसरे कार्यकाल में भारत तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति होगा। ये मोदी की गारंटी है। धन्यवाद प्रस्ताव के जवाब में पीएम ने कहा, आज देश में जिस रफ्तार के साथ काम हो रहा है, कांग्रेस सरकार इस रफ्तार की कल्पना भी नहीं कर सकती। हमने गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनाए इसमें से 80 लाख पक्के मकान शहरी गरीबों के लिए बने। अगर कांग्रेस की रफ्तार से काम हुआ होता तो इतना काम होने में 100 साल लगते, 100 पीढ़ियां बीत जातीं। 10 वर्ष में 40 हजार किलोमीटर रेलने ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है। अगर कांग्रेस की रफ्तार से देश चलता तो इस काम को करने में 80 साल लग जाते। हमने 17 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन दिए हैं, अगर कांग्रेस की रफ्तार से चलते तो इस काम को करने में और 60 साल लग जाते हैं। तीन पीढ़ियां धुएं में खाना बनाने-बनाते गुजर जाती। पीएम ने कहा, हमने अपने पहले कार्यकाल में यूपीए के समय के जो गड्ढे थे, उस गड्ढे को भरने काफी समय और शक्ति लगाई। हमने अपने दूसरे कार्यकाल में नए भारत की नींव रखी और तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे। अब हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी बहुत दूर नहीं है। ज्यादा से ज्यादा 100-125 दिन बाकी हैं और पूरा देश कह रहा है... अबकी बार 400 पार। 2024 के लोकसभा चुनाव में ह्ष्ठ को तो 400 पार सीटें मिलेंगी ही... लेकिन देश, भाजपा को 370 सीटें अवश्य देगा।

अयोध्या में हाल ही में राम मंदिर का उद्घाटन हुआ। पीएम ने अपने भाषण में कहा, भगवान राम न सिर्फ अपने घर लौटे, बल्कि एक ऐसे मंदिर का निर्माण हुआ, जो भारत की महान संस्कृति-परंपरा को नई ऊर्जा देता रहेगा। हमारा तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े फैसलों का होगा... मैंने लाल किले से कहा था और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समय भी दोहराया था कि देश को अगले हजार वर्षों तक समृद्ध और सिद्धि के शिखर पर देखना चाहता हूं। तीसरा कार्यकाल अगले 100 वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा।

### भ्रष्टाचार पर प्रहार

**नई दिल्ली।** पीएम ने भाषण में भ्रष्टाचार बात की। उन्होंने कहा, पहले सदन का पूरा समय घोटालों की चर्चा में जाता था, भ्रष्टाचार की चर्चा में जाता था। लगातार एक्शन की मांग होती थी, चारों तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार की ही खबरें होती थीं। आज जब भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होती है तो ये लोग उनके समर्थन में हंगामा करते हैं।

### नारी शक्ति और युवाओं की बात

**नई दिल्ली।** पीएम ने कहा, आज युवाओं के लिए जितने नए अवसर बने हैं, ये पहले कभी नहीं बने। आज चारों तरफ स्टार्टअप्स की गूंज है, यूनिकॉर्न्स चर्चा में है। 2014 के पहले डिजिटल इकोनॉमी की साइज ना के बराबर थी। आज भारत, दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी है। लाखों युवा इससे जुड़े हैं। आज हमारी नारी शक्ति... ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत दे रही है। आज वुमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप से 10 करोड़ बहनें जुड़ी हैं। आज देश में करीब-करीब 1 करोड़ लखपति दीदी बनी हैं। हमारा लक्ष्य 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है।

## ईडी के रडार पर 17 सीएम और पूर्व सीएम समेत कई सियासतदान

### दर्जनों पूर्व केंद्रीय और राज्यों के मंत्री भी शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी, के रडार पर विभिन्न राज्यों के 17 मौजूदा एवं पूर्व मुख्यमंत्री हैं। इनमें कुछ मुख्यमंत्रियों से पूछताछ हो चुकी है, तो कई सियासतदानों का नंबर लगना बाकी है। ईडी जांच की रडार, केवल मुख्यमंत्रियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसके निशाने पर पूर्व केंद्रीय गृह/वित्त/रेलवे जैसे बड़े मंत्रालयों का कार्यभार संभाल चुके नेता भी रहे हैं। जांच एजेंसी की इस फेहरिस्त में चार मौजूदा एवं पूर्व डिप्टी सीएम भी शामिल हैं। इनके अलावा देश के अन्य सियासतदान व उनके परिजन भी जांच एजेंसी के निशाने पर आ चुके हैं।



ईडी के निशाने पर आने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, लालू प्रसाद यादव और राकांपा संस्थापक शरद पवार जैसे कई दिग्गज नेता रहे हैं। गत वर्ष केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली कई विपक्षी पार्टियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी थी। इनमें टीएमसी, आप, आरजेडी, नेशनल कांफ्रेंस, केसीआर की पार्टी, सपा और उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) आदि दल शामिल थे। इन सभी दलों के नेता जांच एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा था, हमारे देश के प्रधानमंत्री ने ठान लिया है कि अगर भाजपा को वोट नहीं दोगे और किसी दूसरी पार्टी को वोट दोगे, तो उस सरकार को किसी भी हाल में काम नहीं करने दिया जाएगा। किसी राज्य में दूसरी पार्टी की सरकार बनती है, तो उसके नेताओं के पीछे ईडी और सीबीआई छोड़ दी जाती है। अब केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि उन पर भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। आप विधायकों को लालच देने की कोशिश हो रही है।

बिहार के पूर्व सीएम एवं केंद्रीय रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव एवं उनके परिवार के सदस्यों से जमीन के बदले नौकरी, घोटाले में पूछताछ की जा रही है। यह मामला सीबीआई द्वारा दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में ईडी ने भी इस केस की जांच शुरू की। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ भी ईडी की जांच चल रही है। इनमें कोयला ट्रांसपोर्टेशन व महादेव गेमिंग एप आदि शामिल हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मानेसर जमीन मामला और पंचकुला के %एजेएल% केस में ईडी जांच का सामना करना पड़ रहा है। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी जांच एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में लिए गए कई फैसलों और विकास योजनाओं के मामले की जांच केंद्रीय एजेंसियां कर चुकी हैं। सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी सीबीआई व ईडी के रडार पर रहे हैं। इनमें गोमती रिवर फ्रंट और माइनिंग घोटाला जैसे केस शामिल हैं।

## महिलाओं, युवाओं और किसानों पर फोकस

# 24 हजार करोड़ की नई परियोजनाएं

एजेंसी




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रूपये) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863.57 करोड़ रूपये) की नई योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है।

योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसके अलावा राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 4 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपये (4,88,902.84 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 70 हजार 86 करोड रुपये (2,70,086 करोड़ रुपये) तथा केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपये (2.18,816.84 करोड़ रुपये) शामिल है। यूपी के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखे का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रूपये (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है।

इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुए अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है। बजट में राजस्य बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपये (74.147.07 करोड़ रुपये) अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपये (86,530.51 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जो वर्ष के लिये अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है।

## आध्यात्मिक-धार्मिक पर्यटन के लिए खोला खजाना

# अयोध्या सहित कई जिलों के लिए की घोषणाएं




एजेंसी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। अयोध्या में यात्रियों को सुविधाएं देने का ऐलान किया है साथ ही प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल को विकसित करने पर जोर दिया है।

प्रदेश सरकार ने नए वित्तीय वर्ष के बजट में अपने धार्मिक एजेंडे को और धार दी है। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां 150 करोड़ से पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का विकास होगा। वहीं नैमिषारण्य के पर्यटन विकास पर भी 100 करोड़ खर्च होगा। काशी विश्वनाथ धाम, विंध्याचल धाम के बाद सरकार ने मथुरा वृंदावन कॉरीडोर का रास्ता साफ करते हुए यहां भी कॉरीडोर निर्माण के लिए 150 करोड़ का प्रावधान कर दिया है। इसी के साथ नई गठित अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के लिए तीन व देवीपाटन व शुक तीर्थ विकास परिषद के लिए भी ढाई-ढाई करोड़ करोड़ का प्रावधान किया है। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश-विदेश से यहां आने वाले पर्यटकों-श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। अब सरकार 150 करोड़ से यहां आने वाले पर्यटकों-श्रद्धालुओं के लिए सड़क, बिजली, पानी, आवागमन, ठहरने, पार्किंग सुविधा, सौंदर्यीकरण आदि पर फोकस होकर काम करेगी। वहीं मथुरा-वृंदावन स्थित श्रीबांके बिहारी जी महाराज मंदिर के आस-पास की भूमि का अधिग्रहण कर दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत मथुरा-वृंदावन कॉरीडोर का निर्माण करने के लिए बजट में 150 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी के साथ अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों के लिए भी कुछ न कुछ बजट का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश सरकार युवाओं को अपनी कला, संस्कृति व पर्यटन स्थल से जोड़ने पर काफी काम कर रही है। इसी के तहत युवाओं को कला व संस्कृति से जोड़ने के लिए रेडियो जयघोष पर देश-प्रदेश की कला संस्कृति, लोक कला व राष्ट्रीय भावना पर आधारित शैक्षणिक कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### कितनी राशि कहां हुई आवंटित

- नाथ कॉरीडोर बरेली के पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़
- शुक तीर्थ विकास परिषद के तहत शुक क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए 15 करोड़
- देवीपाटन तीर्थ विकास क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए 40 करोड़ का प्रावधान
- प्रदेश के तीर्थ व धार्मिक स्थलों पर जनसुविधा विकास के लिए 20 करोड़
- प्रदेश से सिंधु दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों के अनुदान के लिए 10 लाख
- मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान लखनऊ के लिए एक करोड़
- आगरा में होगी छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय की स्थापना, 25 करोड़ दिए

### ग्रामीण क्षेत्र में पौराणिक व धार्मिक मेलों का आयोजन

प्रदेश सरकार शहरों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्र में भी पौराणिक व धार्मिक मेलों को बढ़ावा देगी। इसके लिए पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे छोटे-छोटे मेलों का व्यवस्थित आयोजन किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना में हर विधानसभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल विकसित करने पर जोर दिया गया है।

## मनोज जरांगे ने 10 फरवरी को भूख हड़ताल की धमकी दी



एजेंसी

**मुंबई।** मनोज जरांगे ने कहा कि अगर राज्य सरकार 10 फरवरी तक %रक्त संबंधियों शब्द को समझाने में नाकाम रही तो वह फिर से भूख हड़ताल पर जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि आरक्षण को लेकर प्रदर्शन के कारण अबतक 34 लाख मराठों को लाभ मिला है। मराठा आरक्षण के कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार को धमकी दी कि अगर सरकार पिछले महीने जारी अधिसूचना में उल्लिखित रक्त संबंधियों शब्द को समझाने में विफल रही तो वह 10 फरवरी से फिर से भूख हड़ताल शुरू करेंगे। दरअसल, राज्य सरकार ने कहा था कि किसी मराठा व्यक्ति के रक्त संबंधियों के पास यह दर्शाने के लिए रिकॉर्ड होगा कि वह कुनबी समुदाय से है, तो उसे भी कुनबी के रूप में मान्यता दी जाएगी। बता दें कि कुनबी एक कृषि समुदाय है जो ओबीसी के अंतर्गत आता है। जरांगे ने महाराष्ट्र के सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी करने की मांग की है। जालना जिले में अंतरवाली सारती गांव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जरांगे ने दावा किया कि कुनबी जाति से संबंधित अबतक 54 लाख दस्तावेज मिले हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि मराठा कुनबी है। जरांगे ने कहा कि अगर राज्य सरकार 10 फरवरी तक रक्त संबंधियों शब्द को समझाने में नाकाम रही तो वह फिर से भूख हड़ताल पर जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि आरक्षण को लेकर प्रदर्शन के कारण अबतक 34 लाख मराठों को लाभ मिला है। इस आंदोलन ने उस समुदाय को एकजूट कर दिया, जो ऐतिहासिक तौर पर विभाजित था। जरांगे ने बताया कि मराठा संगठन के कुछ नेता इस मुद्दे पर चर्चा करने के बजाय समुदाय को विभाजित करने के लिए सोशल मीडिया पर तरह-तरह के पोस्ट डाल रहे हैं।

## धमतरी जिले के विधायक को गांव वालों ने खदेड़ा

### डरकर उल्टे पांव भागे MLA साहब



एजेंसी

**धमतरी।** विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों का जनप्रतिनिधि होता है. आम तौर पर लोग विधायक को सम्मान की निगाह से देखते हैं और हर दुख-सुख में उनसे शामिल होने की उम्मीद भी रखते हैं. खास तौर से जब हाल ही में उन्हें चुनकर भेजा गया हो, लेकिन कहते हैं ना कि हर व्यक्ति का सम्मान और अपमान उनके अपने हाथ की कमाई होती है। कुछ ऐसा ही हुआ छत्तीसगढ़ के धमतरी के विधायक ओंकार साहू के साथ. विधायक साहब धमतरी जिले के ग्राम बिजनापुरी मैं मानस सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने क्रिक्रेट के लिए चंदा मांगने पहुंचे युवाओं से कुछ ऐसा कह दिया कि लोगों ने मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए उन्हें उल्टे पांव लौटा दिया। दरअसल, धमतरी जिले के ग्राम बिजनापुरी में मानस सम्मेलन कार्यक्रम के समापन में धमतरी विधायक ओंकार साहू पहुंचे थे. जहां युवाओं ने गांव में क्रिकेट के आयोजन के नाम से विधायक से चंदे की मांग की, लेकिन विधायक ओंकार साहू ने उन्हें चंदा देने से इनकार कर दिया. इसके साथ ही ये भी आरोप है कि विधायक के पास क्रिकेट आयोजन के लिए चंदा मांगने पहुंचे युवकों को चंदा देने से इनकार करने के साथ ही उन्होंने कुछ ऐसे शब्द भी कह दिए, जिससे युवा नाराज हो गए। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि कार्यक्रम के बीच विधायक ओंकार साहू मुर्दाबाद के नारे लगने लगे. अपने खिलाफ हो रही नारेबाजी और आसपास का माहौल खराब होता देख विधायक ओंकार साहू उल्टे पांव गांव से वापस जाने को मजबूर हो गए. जब तक विधायक अपनी गाड़ी में बैठकर वापस नहीं चले गए . तब तक आक्रोशित युवाओं ने विधायक का पीछा करते हुए मुर्दाबाद के नारे जोर जोर से लगाते रहे. विधायक के साथ हुई इस हरकत की अब पूरे धमतरी जिले में चर्चा हो रही है कि विधायक को गांव वालों ने खदेड़ दिया।

# पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और रीना पांडेय ने बढ़ाया उन्नाव का मान

## पर्यावरण रक्षा की अलख जला रहे दरोगा दंपत्ति को मिला राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान

द अचीवर टाइम्स - महेन्द्र कुमार



उन्नाव- श्रीआद्य शंकराचार्य धर्मस्थान संसद माघ मेला , प्रयागराज में स्वामी अधोक्षजानंद देव तीर्थ शिविर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय प्राकृतिक धर्म आध्यात्म मंथन शिविर में जनपद उन्नाव के पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात दरोगा दंपत्ति अनूप मिश्रा अपूर्व (सब इंस्पेक्टर) और रीना पांडेय ( सब इंस्पेक्टर ) को पर्यावरण रक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए श्रद्धेय जगद्गुरु शंकराचार्य श्री अधोक्षजानंद देव तीर्थ जी महाराज द्वारा राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनूप मिश्रा अपूर्व ने कहा कि पेड़ पौधों और हम सभी में परमात्मा का अंश होता है यही सनातन संस्कृति का मुख्य संदेश है। हमारे तीज त्योहार और दैनिक जीवन शैली को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया है इसीलिए पीपल , आंवला, नीम , बरगद , तुलसी आदि पेड़ पौधों की पूजा अर्चना की जाती है। पेड़ पौधों से आत्मिक संबंध होने पर हम उसकी रक्षा व संवर्धन की मुहिम को सार्थक कर सकते हैं। माघ मेला के पावन संगम तट पर प्रकृति धर्म के पुजारियों का जो अनूठा संगम हुआ है वह आने वाले समय में पर्यावरण रक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सनातन संस्कृति और त्योहारों को पीपल नीम तुलसी अभियान के संस्थापक पर्यावरणविद डॉ.धर्मेंद्र कुमार के संयोजन में पड़ोसी देश नेपाल और उड़ीसा , उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। इस अवसर पर देशभर के चुनिंदा पर्यावरण प्रेमियों को प्रकृति संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। ट्री मैन के नाम से मशहूर अनूप मिश्रा अपूर्व और उनकी पत्नी रीना पांडेय ने पुलिस की ड्यूटी को बखूबी निभाते हुए 1 लाख से अधिक पौधे लगाने और सेल्फी विद झोला अभियान के तहत हजारों लोगों को कपड़े और जूट से बने थैलों को उपयोग लाने के प्रति जागरूक करने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। दरोगा दंपत्ति द्वारा स्कूलों में जाकर बच्चों को वृक्ष कथा सुना कर पेड़ पौधों की रक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है। अनूप मिश्रा द्वारा उन्नाव को सुंदर स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से ग्रीन उन्नाव क्लीन उन्नाव मुहिम चलाई जा रही है जिसके तहत स्कूल और मोहल्ले में ग्रीन क्लीन आर्मी का गठन किया जाता है।

हसदेव जंगल को बचाने व जीवन दायनी नदियों के अस्तित्व को बनाये रखने के लिए देश प्रदेश से आए हुए पर्यावरण योद्धाओं ने कहा कि प्रकृति संरक्षण हम सबकी आवश्यकता है, इसलिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। छोटी नदियाँ बचाओ अभियान अध्यक्ष ब्रिजेंद्र प्रताप सिंह ने जल संकट और नदी संरक्षण पर चर्चा की। माघ मेला में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु प्रभात फेरी निकाली गई ,नुक्कड़ नाटक और गीत संगीत के जरिए भी पर्यावरण की रक्षा तथा उसके संवर्धन का संदेश दिया गया। पर्यावरण मित्रों ने अपने कार्यों व अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमियों द्वारा पीपल नीम तुलसी के पौधे और बीज श्रद्धालुओं को बांटे गए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी रक्षा का संदेश दिया गया। समाज सेविका , लेखिका और पर्यावरणविद् डा. हर्ष प्रभा की पुस्तक अनुभव का विमोचन हुआ।

# विद्यालय की मिस फेयरवेल के चुनाव में कक्षा 12 की छात्रा मुशीरा ने मारी बाजी



**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**

**हापुड़।** फ्रीगंज रोड पर श्रीमती कमला अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया और सभी सम्मानित अतिथिगणों को चंदन तिलक लगा कर व पुष्प देकर स्वागत किया। कक्षा 11 की छात्राओं ने कक्षा 12 की छात्राओं का तिलक लगाकर, फूलों की वर्षा कर करताल ध्वनि के द्वारा स्वागत किया। तो वही विद्यालय निदेशक सुनील कांत अहलूवालिया, प्रधानाचार्या पारुल शर्मा, मैनेजर एस्टेट नरेश सिंगल, मैनेजर एडमिन बृजमोहन गुप्ता ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित करके मां की आराधना की। इस अवसर पर कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे- गीत, पंजाबी नृत्य, कविता आदि प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की हेड गर्ल द्वारा विद्यालय से संबंधित अपने अनुभव साझा किए गए। कक्षा 12 की छात्राओं ने मंच पर रैम्पवॉक कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की मिस फेयरवेल के चुनाव में मुशीरा कक्षा 12 कला वर्ग में बाजी मारी और मुशीरा को क्राउन पहनाकर पुरस्कृत किया गया?। सबसे सुंदर मुस्कान का पुरस्कार सृष्टि तोमर कक्षा 12 विज्ञान वर्ग को दिया गया। अन्य रनर अप रिद्धि सहगल और उपासना को भी पुरस्कृत किया गया। ? विद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्या ने छात्रों की विदाई समारोह में भाव-विभोर शब्दों से शुभाशीष देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की।

# एक नज़र

## एसपी अभिषेक वर्मा ने 19 दरोगाओं सहित 59 पुलिसकर्मियों का किया स्थानांतरण

### दोयमी चौकी प्रभारी विनोद कुमार बने वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना हापुड़ देहात



**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को सदृण बनाए रखने हेतु सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने 19 दरोगाओं सहित 59 पुलिसकर्मियों का किया स्थानांतरण किया है जिसमें थाना हापुड़ देहात क्षेत्र की दोयमी चौकी प्रभारी विनोद कुमार को पदोन्नति कर वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना हापुड़ देहात स्थानांतरण नियुक्त किया गया और सभी पुलिस कर्मियों को तत्काल उनके नवनियुक्त स्थान पर रवाना कर अनुपालन करने के साथ डाक द्वारा कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

## 22 फरवरी को प्रधानमंत्री अग्रणीय कार्य करने वाली बहनों से करेंगे लाइव चर्चा : सत्येंद्र सिसोदिया

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ के प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर आज क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए यह बताया कि नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी को स्वयं सहायता समूहों से बात करेंगे उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा, सम्मान प्रदान किया है जिसमें गैस की कनेक्शन उज्ज्वला योजना जल जीवन सुमंगला जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन को सरल बनाया है आज महिला अपने आत्म सम्मान और आत्मविश्वास की भावना के साथ जी रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में अग्रणीय स्थान दिया है प्रधानमंत्री ने शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूह एनजीओ के क्षेत्र में कार्य करने वाली बहनों से सीधा संवाद प्रधानमंत्री करेंगे तथा उनसे उनके कार्य के बारे में जानकारी लेंगे हर मंडल में यह कार्यक्रम किया जाएगा व स्क्रीन भी लगाई जाएगी जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज से ही छूट जाए तथा स्वयं सहायता समूह गो वे उन बहनों से चर्चा करें जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, क्षेत्रीय महामंत्री डॉ विकास अग्रवाल, क्षेत्रीय मंत्री कविता मादरे, जिला महामंत्री श्यामेंद्र त्यागी, यशपाल सिंह सिसोदिया मोहन सिंह, पुनीत गोयल, जिला उपाध्यक्ष डॉ शिवकुमार राजीव सिरोही राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष कपिल एस एम ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, भाजपा नेता सतपाल यादव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रफुल्ल सारस्वत, पायल गुप्ता, छवि दीक्षित, नीलम सिंह पिंकी त्यागी राहुल उपाध्याय पवन सैनी, नितिन पाराशर, मनोज तोमर, ललित मोदी संजीव शर्मा मनजीत सिंह जिनेंद्र चौधरी दिनेश त्यागी सुनील वर्मा, दीपक भाटी, अनिरुद्ध कस्तला जतिन, साहनी मनोज गौतम व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

## युवा भाजपा नेता रोहन नागर ने अयोध्या पहुंचकर मित्रों संग किए रामलला के दर्शन

**द अचीवर टाइम्स/चेतन कुमार**



**हापुड़।** युवा भाजपा नेता रोहन नागर ने अयोध्या पहुंचकर मित्रों के साथ रामलला के दर्शन किए उन्होंने बताया कि हमारी वर्षों की तपस्या पूरी हुई तो मन अत्यन्त प्रसन्न हैं और देश में भगवान श्री राम के अयोध्या में विराजमान होने से पूरे देश में हर्षोल्लास है देश के अलग अलग स्थानों से लोग भगवान श्री राम के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं सभी लोगों को मोदी व योगी का गुणगान करते दिख रहे हैं प्रशासन की व्यवस्था भी काबिले तारीफ है बहुत अच्छे से भगवान श्री राम के दर्शन कराएं जा रहे हैं जिससे किसी को कोई परेशानी ना हो भगवान से देश प्रदेश के सभी लोगों के लिए कामना की। भगवान श्री राम के दर्शन करने के साथ ही हमने हनुमानगढ़ी मंदिर में पहुंचकर वीर हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन करने में अनुज तेवतिया, चन्दन पाठक, अंकित चौधरी,गोलू मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मरों के पार्ट्स चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 3 शातिर चोर गिरफ्तार



**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के थाना हाफिजपुर निरक्षक सुधीर कुमार व उप निरक्षक विपिन कुमार ने पुलिस ने पुलिस टीम के साथ मिलकर कुरान टोल प्लाजा से ट्रांसफार्मरों के पार्ट्स चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 शातिर चोर मौनी निवासी गाँव नीमखेडा जनपद बुलंदशहर, सलमान व साजिद दोनों निवासी ग्राम जेवरी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ को गिरफ्तार। जिनके कब्जे/निशानदेही पर भारी मात्रा में चोरी किये हुए ट्रांसफार्मर के पार्ट्स, अवैध असलहा, चोरी करने के उपकरण व घटना में प्रयुक्त 2 मोटर साइकिल बरामद। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा जनपद हापुड़, बुलन्दशहर व मेरठ में ट्रांसफार्मरों से पार्ट्स चोरी करने की घटना करना स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर/विद्युत उपकरण चोर हैं, जिनके विरुद्ध जनपद हापुड व बुलन्दशहर में चोरी, विद्युत उपकरण चोरी व आर्म्स एक्ट आदि के करीब 2 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

## मा संकटा देवी धाम में किया दान



**द अचीवर टाइम्स/सुशील अवस्थी**

**महमूदाबाद।** सीतापुर वरिष्ठ समाज सेवी स्वाति सेवा सदन अस्पताल की प्रबंधक अरुणा मणि मिश्रा ने माँ संकटा देवी धाम में एक लाख ग्यारह हजार ग्यारह रुपयों का दान मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष आर के बाजपेयी के हाथों में दान की चेक ओर मन्दिर को विशाल और भव्यता प्रदान करने पर सम्मानित पत्र भी भेट किया इस मौके पर स्वाती सेवा सदन के डायरेक्टर अमित पांडेय एडवोकेट हाइकोर्ट,आर जे वर्मा , कृतार्थ मिश्रा अन्य कई लोग साथ मे संकटा माता के दर्शन पूजन भी किया

# संस्कृत पढने वाली छात्राओं को उत्तम वातावरण प्रदान करते है : डॉ0 स्नेह प्रभा

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**





**हापुड़।** सोमवार को आर्य कन्या पाठशाला में दशदिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का पंचम दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डॉ0 अनीता जायसवाल ने संस्कृत भाषा का महत्व बताते हुये ब्रहमचर्य गृहस्थ वानप्रस्थ और संन्यास इन चारों आश्रम का मानव जीवन में महत्व बताया। संस्कृत शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं ने चतुर्थ दिवस में घर-घर जाकर लोगो को संस्कृत भाषा पढने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या डॉ0 स्नेह प्रभा ने संस्कृत पढने वाली छात्राओं को उत्तम वातावरण प्रदान करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। तो वही बी0एड0 प्रशिक्षण कर्ती कु0 दिव्या चौधरी ने एकवचन, बहुवचन, पुल्लिंग, स्त्रीलिंग, नपुसंक लिंग के विषय में शब्दो व चित्रों के माध्यम से छात्राओं को अवगत कराया। बी0एड0 प्रशिक्षण कर्ती कु0 मानसी ने मंच संचालन में सहयोग दिया। शिवानी, मुस्कान, पारूल, आयशा आदि छात्राओं ने संस्कृत पढ़ना सीखा और सुमधर संस्कृत गीत गाकर सबको सुनाया। सभी छात्राओं ने संस्कृत बोलकर संस्कृतमय वातावरण का सृजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शीला कुमारी, नुसरत जहाँ, नाजनीन जहाँ, आरती गुप्ता, मधुलिका, साधना यादव, ज्योति तोमर, आदि शिक्षिकाओं को सहयोग रहा। शिक्षणेत्तर कर्मचारी अभिषेक, आशीष कुमार, विनीत यादव, रश्मी, मुकुल वर्मा, विशाल, संजय शर्मा आदि का योगदान रहा।

# भारत विकास परिषद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रान्त के प्रांतीय अध्यक्ष बने नरेन्द्र शर्मा

**द अचीवर टाइम्स**



**हापुड़।** साहिबाबाद भारत विकास परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रान्त के प्रांतीय चुनाव कार्यक्रम में नरेन्द्र शर्मा (एन. के. शर्मा) को सर्वसम्मति से 2024-25 सत्र के लिए प्रांतीय अध्यक्ष चुन लिया गया आपको बता दे होली चाइल्ड एकेडमी, दादरी के डायरेक्टर सदस्य नरेन्द्र शर्मा पूर्व में दो वर्ष से अब तक प्रांतीय महासचिव का कार्यभार सम्हाल रहे थे, इससे पूर्व भी भारत विकास परिषद संगठन के विभिन्न प्रकल्पों के प्रांतीय चेयरमैन, प्रांतीय संगठन मंत्री, प्रांतीय उपाध्यक्ष जैसे दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं द्य कार्यक्रम में रीजन से चुनाव अधिकारी (चुनाव पर्यवेक्षक) के रूप में प्रमोद सिंघल (क्षेत्रीय सचिव) आगरा से पधारे जिन्होंने बताया कि सर्वसम्मति से प्रांतीय वित्त सचिव मुक्ता अग्रवाल- इंदिरापुरम शाखा, प्रांतीय महासचिव कवित बंसल - क्रॉसिंग रिपब्लिक शाखा, और प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में नरेन्द्र शर्मा - दादरी शाखा के नाम प्रस्तावित व अनुमोदन किये, चुनाव अधिकारी ने तीनों को सत्र 2024-25 के लिए निर्वाचित घोषित किया द्यकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तरुण शर्मा जी (क्षेत्रीय अध्यक्ष), महेश बाबू गुप्ता (राष्ट्रीय वित्त मंत्री), क्षेत्रीय सचिव संस्कार पवन गौतम , क्षेत्रीय सचिव महिला एवं बाल विकास, राष्ट्रीय समीति सदस्य ममता शर्मा व कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष पंकज सक्सेना , प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव अजमानी, सेतु अग्रवाल, प्रांतीय सह सचिव प्रवेश चंद गुप्ता उपस्थित रहे। साहिबाबाद मुख्य शाखा ने 17 निर्धन कन्याओं का सरल सामूहिक विवाह कार्यक्रम भी बहुत ही धूमधाम से सम्पन्न कराया उपरोक्त जानकारी प्रांतीय मीडिया संयोजक कवि अशोक गोयल ने दी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रान्त की 53 शाखाओं के शाखा अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष ने नव निर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई दी।

## चोरी की 2 मोटरसाइकिल के साथ 4 वाहन चोरों गिरफ्तार



**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर उप निरक्षक नवनीत सिंह ने पुलिस टीम के साथ मिलकर एस एस वी बैरीयर के पास से चैकिंग के दौरान दुपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए शोएब निवासी मोती कॉलोनी, फरमान, साकिब व बिलाल तीनों निवासी भंडापट्टी मोती कॉलोनी हापुड़ नगर 4 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी की 2 मोटर साइकिल, एक मोटरसाइकिल का चैसिस, 4 अवैध चाकू व मोटर साइकिल खोलने/काटने के उपकरण बरामद। गिरफ्तार अभियुक्त साकिब व बिलाल थाना हापुड़ नगर क्षेत्रान्तर्गत मोटर साइकिल रिपेयरिंग की दुकान करते है जिसकी आड़ में चोरी की मोटर साइकिलों के पार्ट्स को बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे।

## रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से फंसी एंबुलेंस

**दरियाबाद (बाराबंकी)।** रेलवे स्टेशन दरियाबाद पर डीएमटी अनलोडिंग कार्य के लिए आधे घंटे तक क्रॉसिंग बंद रही। इससे गेट संख्या 156 सी पर लंबा जाम लग गया। जल्दी निकलने के चक्कर में बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े हो गए। इसी जाम में एंबुलेंस भी फंसी रही। आधे घंटे बाद क्रॉसिंग खुलने के बाद वाहन रेंगते हुए निकले। रेलवे लाइन दोहरीकरण कार्य के चलते दरियाबाद भिटरिया मुख्य मार्ग पर पड़ने वाली क्रॉसिंग संख्या 156 सी को रोजाना बंद किया जा रहा है। इस कारण मार्ग पर रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को दोपहर एक बजे क्रॉसिंग गेट को बंद किया गया। इस दौरान मरीज लेकर जा रही एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। रेल उपरिगामी सेतु निर्माण में देरी और दोहरीकरण कार्य के चलते रोजाना मुख्य मार्ग की क्रॉसिंग बंद रहती है और राहगीरों को दिक्कतें हो रही हैं।

# माँ संकटा देवी धाम में ऋचा मिश्रा के श्री मुख से श्री राम कथा का श्रवण करते श्रद्धालु

**द अचीवर टाइम्स -सुशील अवस्थी**





**महमूदाबाद, सीतापुर।** भगवान श्री राम की पावन कथा मानव कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करती है। श्रीराम कथा समाज में परस्पर अविश्वास, पारस्परिक द्वेष सहित अन्य समस्याओं का समाधान करते हुए परमार्थिक कर्तव्यों का बोध कराकर मनुष्य को दृढ़ बनाती है। भगवान परीक्षा व समीक्षा का नहीं बल्कि प्रतीक्षा का विषय हैं। जीवन में जब भी अवसर मिले श्रीराम कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए। ईश्वर के प्रति जिज्ञासा होनी चाहिए किंतु संशय नहीं करना चाहिए। अन्याय, अत्याचार अनैतिकता जैसे भयंकर दानवों से बचाने की सामर्थ्य केवल श्रीराम की पावन कथा ही प्रदान कर सकती है। भगवान की पावन कथा भाव का विषय है। इसको सुनना व सुनाना दोनों साधना है। उक्त बातें श्री संकटा देवी धाम महमूदाबाद में आयोजित शतचंडी महायज्ञ व पावन संगीतमयी श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथावाचिका देवी रिचा मिश्रा ने श्रीराम कथा के दौरान श्रीराम नाम की महिमा का गुणगान करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान की विशेष कृपा होने पर ही श्रीराम की पावन कथा सुनने का अवसर प्राप्त होता है। श्री राम की कथा तन मन को पवित्र करने के साथ जीवन शैली को नया रूप देती है। यदि पति और पत्नी साथ मिलकर कथा का श्रवण करें तो जीवन रूपी गाड़ी व्यवस्थित रूप से चल सकती है। कथा को अहंकार त्यागकर सच्चे मन से सुनना चाहिए। सत्संग के प्रभाव से ही कौआ कोयल बन जाता है। मानव जीवन का दुख साधन नहीं अपितु अज्ञान है। वह अज्ञान संतो के समागम से मिटता है। जिस परिवार का मुखिया ईश्वर का भजन करता है। उस परिवार के सभी सदस्यों का कल्याण स्वतः ही को जाता है। जब कोई पुरुष किसी धार्मिक कार्य को करता है तो आधा पुण्यलाभ उसकी पत्नी को अपने आप हो जाता है जबकि पत्नी द्वारा किए जाने वाले धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ केवल उसे ही स्वयं होता है। भगवान श्रीराम की पावन कथा में व्यवधान नहीं डालना चाहिए। इस कलिकाल में केवल भगवान श्रीराम का पावन नाम ही हमे मोक्ष प्रदान कर सकता है। उन्होंने सती द्वारा दक्ष यज्ञ में शरीर त्यागने व भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने संबंधी श्री रामचरितमानस से जुड़े अनेक प्रसंग सुनाकर भक्तों को कथा का रसपान कराया। संगीतमयी श्रीराम कथा के दौरान विधानसभा कुर्सी के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, शरद मिश्र, पंकज मधुर, रामकुमार वर्मा, किरन वाजपेयी, आरजे वर्मा, शशांक वर्मा, प्रतिभा सिंह, प्राची दीक्षित, वागीश दिनकर, शिवदास पोरवाल, ज्ञानेश मिश्र, कृतिका मिश्रा, विजय जायसवाल, सोनी जायसवाल, आंजनेय आशीष,सरोज शुक्ला ,दीलिप मिश्र पंकज जायसवाल,पार्थ अवस्थी, रोशन मिश्रा, शिवानी वर्मा, बीके शुक्ल, कृतार्थ मिश्र, विशाल गुप्त, रमा कश्यप सहित हजारों की संख्या में कथा प्रेमी मौजूद रहे। संचालन डॉ. रजनीश मिश्र ने किया।

## गौरी गणेश व नवग्रह पूजन से शुरू हुआ श्री शतचंडी यज्ञ,.

मां संकटा देवी धाम में अद्वितीय ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ शुरू हुए श्री शतचंडी महायज्ञ व नवनिर्मित मंदिरों में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सोमवार को गौरी गणेश व वरूण कलश, षोडस मात्रिक, सर्वघृत मात्रिका, वेदी पूजन, नवग्रह की पूजा स्थापना व आरती सम्पन्न हुयी। यज्ञाचार्य पंडित अखिलेश चंद्र शास्त्री, अशोक शास्त्री, कन्हैयालाल मिश्र, आचार्य गंगा सहाय, शेषमणि मिश्र, शशिकांत सहित अन्य आचार्यों ने विधान सम्पन्न करायें। मूर्ति स्थापना को लेकर मंगलवार से पूजन कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें स्थापित होने वाली सभी देव मूर्तियों को मंगलवार को जलाधिवास कराया जाएगा। इसके साथ ही यज्ञशाला में अरणी मंथन के द्वारा अग्नि का प्रकटीकरण होगा। श्री शतचंडी महायज्ञ के पूजन में मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, किरन वाजपेयी, आंजनेय आशीष, आरजे वर्मा, सुशीला वर्मा, शशांक वर्मा, शिवानी वर्मा, पीयूष वर्मा, चंद्रकांत रस्तोगी, शशिकांत रस्तोगी ने सपत्नीक विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।

# यूपी बजट पर अखिलेश यादव का हमला

## रोजगार पर सवाल, शिवपाल ने भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

आवाज प्लस डेस्क



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश कर दिया गया है। एक तरफ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश की राह दिखाने वाला बजट है। यूपी में जंगलराज का सफाया हो चुका है। गंगा एक्सप्रेसवे को जमीन पर उतारने के लिए बजट में 2058 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। गरीबों के उत्थान और विकास पर जोर दिया जाएगा। वहीं, विपक्ष ने बजट को लोकसभा चुनाव से पहले सरकार की घोषणाओं वाला बजट करार दिया। यूपी सरकार की ओर से 7.36 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इस बजट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को ध्यान में रखकर यह बजट तैयार किया गया है। वहीं अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश के 90 फीसदी लोगों को 10 फीसदी बजट का हिस्सा मिला है। बड़े व्यवसायियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई। प्रदेश में भ्रष्टाचार के चरम पर होने का आरोप शिवपाल यादव ने लगाया। अखिलेश यादव ने बेरोजगारी के मसले पर योगी सरकार पर करारा हमला बोला। उन्होंने सवाल किया कि यह कैसा सबका साथ सबका विकास है? क्या गैर बराबरी नारों से मिल जाएगा। प्रदेश में किसानों की समस्याएं बढ़ी हुई है। उन्होंने कहा कि युवा लाइन लगाकर इस्त्राइल जाने का फॉर्म जमा कर रहे हैं। सरकार क्या इसे अपनी उपलब्धि बताएगी। मजबूरी में युवा अपनी जान जोखिम में डालकर रोजगार के लिए इस्त्राइल का रुख कर रहे हैं। अगर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलता तो युवाओं को इस्त्राइल जाने की जरूरत नहीं पड़ती। सपा अध्यक्ष ने योगी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों की हालत खराब है। प्रदेश में विदेशी निवेश की बात बजट में किए जाने पर भी अखिलेश ने सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि 40 लाख करोड़ का निवेश अगर प्रदेश में आता तो दिखता भी। जमीन पर यह नहीं दिख पा रहा है। अखिलेश यादव ने एक बार फिर पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए वर्ग का मुद्दा जोरदार तरीके उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग करप्शन चल रहा है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में पीडीए पर सबसे अधिक हमले हो रहे हैं। पीडीए वर्ग के लोगों की प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हो पा रही है। एक तरफ सरकार सबका साथ सबका विकास की बात कह रही है। दूसरी तरफ पीडीए को वाजिब अधिकार से वंचित किया जा रहा है। किसानों को विकास योजनाओं का लाभ नहीं मिलने का दावा अखिलेश यादव ने किया। अखिलेश ने कहा कि पंजाब और हरियाण के किसानों को गन्ना मूल्यों की कीमत अधिक मिलती है। यूपी के किसानों को कम कीमत मिलन पर जोरदार हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि बजट केवल 10 फीसदी लोगों के लिए पेश किया गया है। यह बिजनेसमैन से लेकर एक वर्ग विशेष के लोगों को फायदा मिला है। उन्होंने सवाल किया कि बनारस और गोरखपुर को छोड़कर प्रदेश को बजट से क्या मिला?

# उम्मीद रहित यथास्थितिवादी है बजट:अजय राय

आवाज प्लस डेस्क



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने योगी सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शब्दों और जुमलों की बाजीगरी करता हुआ यह बजट प्रदेश के युवाओं को भ्रमित, पिछड़ों और दलितों से साथ छलावा, महिलाओं को निराश एवं किसानों को हताश करने वाला है। श्री राय ने कहा कि किसानों की हितैषी बनती इस सरकार का सच यह है कि उत्तर प्रदेश की कृषक गृह (एग्रीकल्चर हाउसहोल्ड) की औसत मासिक आय 6668 है जो राष्ट्रीय औसत आय 8931 से 35 प्रतिशत कम है। पिछले 5 सालों में गन्ने का राज्य सलाहकार मूल्य सिर्फ 35 रूपये बढ़ाया गया, जबकि इस बीच गन्ने की खेती की लागत कई गुना बढ़ गई। आलू, प्याज और टमाटर को एमएसपी पर लाने का वादा किया गया था जिसका इंतजार प्रदेश के किसान आज भी बेसब्री से कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं को रोजगार कैसे मिले इसका कोई स्पष्ट रोड़ मैप इस बजट में नहीं है न सरकार खुद रोजगार दे पा रही है और ना ही निजी क्षेत्र का कोई विस्तार ही हो रहा है सिर्फ स्वरोजगार पर जोर है। स्वरोजगार करने वाले युवाओं को पर्याप्त पूंजी, तकनीक, बाजार कैसे मिलेंगे, इस पर बजट मौन है। योगी सरकार के झूठ की तरफ इशारा करते हुए श्री राय ने कहा कि विधवा और वृद्धा पेंशन को 1000 रूपये से बढ़ाकर 1500 रूपये करने की बात की गई थी जो आज तक पूरी नहीं हुई। चुनावी राज्यों में 500 रूपये रसोई गैसे सिलेंडर दिया जा रहा है, तो उ0प्र0 में क्यों नहीं? बजट में इसका कोई प्रावधान क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि प्रदेश में लघु एवं सूक्ष्म उद्योग खस्ताहाल हो गये हैं और बंदी की कगार पर हैं, पूरे बजट में उनके लिए कोई गंभीर नीति नहीं है। बजट मे सारा जोर नई योजनाओं की घोषणा पर है। पुरानी योजनाओं का कोई पुरसाहाल नहीं है। इस बार भी 24868 करोड़ की नई योजनाएं घोषित की गई मगर पिछले बजट में घोषित 32721 करोड़ की योजनाओं का क्या हुआ इस पर कोइ बात नहीं की गई। श्री राय ने कहा कि पूरा बजट सांकेतिकवाद से भरा पड़ा है। ढेर सारी योजनाएं, दिखाने भर का बजट, सिर्फ लोक लुभावनी बातें। इसका स्पष्ट उदाहरण बजट में असाध्य रोगों के लिए मात्र 125 करोड़ की धनराशि का आवंटन, इतने बड़े प्रदेश में ऊट के मुंह में जीरे के समान है। दूसरा उदाहरण छुट्टा जानवरों से फसल को बचाने के लिए 12 वोल्ट करंट लगने वाली सौर इलेक्ट्रिक बाड़ लगाने वाली योजना का है जिसके लिए पूर प्रदेश के 75 जिलों के लिए मात्र 50 करोड़ का आवंटन किसानों के साथ मजाक के सिवाय कुछ नहीं है। श्री राय ने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट आर्थिक मानकों पर पूरी तरह से फेल है। यह बजट सिर्फ और सिर्फ निराशा के अलावा कुछ नहीं है।

## एक नज़र

### गांवों में बिजली देने के लिए 2000 करोड़ प्रस्तावित, शहरों को 24 घंटे बिजली देने की बात




**लखनऊ।** यूपी सरकार ने अपने बजट में ऊर्जा के क्षेत्र को खास तवज्जो दिया है। इसमें यूपी को गांवों में भी 18 से 19 घंटा बिजली देने की बात कही गई है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के बजट अनुमानों पर वित्त मंत्री ने कहा कि यूपी में लगातार बिजली की व्यवस्था सुधर रही है। जनपद मुख्यालयों में 24 घंटे बिजली की व्यवस्था की जा रही है। गांवों में भी 18 से 19 घंटे बिजी की आपूर्ति की जाएगी। -वर्ष 2023-2024 में अप्रैल से दिसम्बर तक जनपद मुख्यालय पर 24 घंटे, तहसील मुख्यालय पर 21 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 18 से 19 घंटे विद्युत आपूर्ति की गयी। - प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत गरीब परिवारों को निःशुल्क और अन्य ग्रामीण परिवारों को 50 रूपये की 10 मासिक किश्तों में बिजली कनेक्शन देने की सुविधा दी गयी। इस योजना में 62.18 लाख इच्छुक घरों को विद्युत संयोजन निर्गत किए गए। -पारेषण तंत्र की कुल क्षमता जो वित्तीय वर्ष 2016-2017 में 16,348 मेगावॉट थी, को वर्ष 2022-2023 में बढ़ाकर 28,900 मेगावॉट तक किया गया है जिसे वित्तीय वर्ष 2023-2024 तक बढ़ाकर 31,500 मेगावॉट तक किया जाना लक्षित है। -भारत सरकार की ग्रीन एनर्जी कारिडोर-2 परियोजना के अन्तर्गत प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सौर ऊर्जा उत्पादन हेतु 4000 मेगावॉट क्षमता के सोलर पार्क का विकास किया जाना नियोजित है। -वर्ष 2016-2017 में उत्पादन निगम लिमिटेड की इकाईयों का कुल विद्युत उत्पादन 33,556 मिलियन यूनिट था जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 39,746 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन प्राप्त किया गया है। -ग्रीष्मकाल में अनवरत विद्युत आपूर्ति हेतु 2000 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वर्तमान वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। -निजी नलकूप उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति हेतु 1800 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वर्तमान वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है।

### नही रहीं संगीत विदुषी प्रो. कमला श्रीवास्तव, लखनऊ से संगीत के एक युग का अ वसान हुआ



**लखनऊ।** लखनऊ में संगीत की एक बड़ी हस्ताक्षर प्रो. कमला श्रीवास्तव का निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। उनके निधन पर साहित्य व कला जगत के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शास्त्रीय एवं लोक संगीत की साधिका प्रो. कमला श्रीवास्तव नहीं रहीं। रविवार रात 92 वर्ष की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। उनके निधन पर साहित्य एवं संगीत जगत में शोक की लहर है। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं। निधन की सूचना मिलने पर सोमवार सुबह से ही उनके आवास पर लोगों का जुटना आरम्भ हो गया। अपने जीते-जी प्रो. कमला श्रीवास्तव दीदी ने देहदान की इच्छा व्यक्त की थी। मध्याह्न में उनका पार्थिव शरीर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ को सौंप दिया गया। इसके पूर्व साहित्यकार पद्मश्री डा. विद्या विन्दु सिंह, वरिष्ठ लोक गायिका पद्मा गिडवानी, विमल पन्त, लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, डा. पूनम श्रीवास्तव, नीरा मिश्रा, रेखा अग्रवाल, नीलम वर्मा, इन्दु सारस्वत, अर्चना गुप्ता, मधु श्रीवास्तव, कनक वर्मा, ज्योति किरन रतन सहित संगीत, कला और साहित्य से जुड़े लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किये और सजल नयन के साथ भजन गाते हुए संगीत विदुषी को विदाई दी। इसी के साथ राजधानी लखनऊ से संगीत के एक युग का अवसान हुआ। वे अपने पीछे पुत्र रवीश, पुत्रवधू डा. रुपाली और पौत्री रवीशा को छोड़ गयी हैं।

### धार्मिक स्थानों को जाने वाली सड़कों के लिए 1750 करोड़, ओवरब्रिज के लिए 1000 करोड़




**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने अपने बजट में उन मार्गो पर विशेष तौर पर फोकस किया है जो रास्ते धार्मिक स्थानों की ओर जाते हैं। यूपी सरकार ने अपने बजट में प्रदेश की सड़कों पर विशेष फोकस किया है। धर्माथ मार्गो के विकास के लिए 1750 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की गई है। राज्य की सड़कों की देखरेख के लिए 3000 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों की ओर जाने वाली सड़कों को फोर लेन करने के लिए 800 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की गई है। इस बजट में रेलवे के ओवरब्रिज के लिए 1350 करोड़ और ग्रामीण क्षेत्रों में सेतुओं के लिए 1500 करोड़ की व्यवस्था की गई है। शहर और कस्बों में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में एक हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है।

# महिलाओं,पिछड़ों और वृद्धों का भी रखा गया ख्याल शिक्षा के लिए सरकार ने खोला खजाना

आवाज प्लस डेस्क




**लखनऊ।** राज्य सरकार ने निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन की धनराशि 500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000 रुपये की है। इससे वृद्धों को खास राहत मिलेगी। राज्य सरकार ने बजट में महिलाओं, पिछड़ों और दलितों की सेहत, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर खास ध्यान देते हुए धनराशि की व्यवस्था की है। महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए पुष्टाहार कार्यक्रम के लिए 5129 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसी तरह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय के भुगतान के लिए 971 करोड़ रुपये और कन्या सुमंगला योजना के लिए 700 करोड़ रुपये दिए गये हैं। राज्य सरकार ने निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन की धनराशि 500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000 रुपये की है। बता दें कि इस योजना में 2023-2024 में तृतीय तिमाही तक 31.28 लाख निराश्रित महिलाओं को लाभांवित किया गया है। इसी तरह वृद्धावस्था पेंशन हेतु 7377 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिलाओं के भरण पोषण अनुदान के लिए 4073 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत पात्र बालिकाओं को 6 विभिन्न श्रेणियों में कुल 15000 रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2019-2020 से 2023-2024 तक 17.82 लाख लाभार्थियों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 200 उत्पादक समूहों का गठन करके तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अन्तर्गत जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को कोष के अन्तर्गत एक लाख रुपये से 10 लाख रुपये की आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति व सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के लिए 1862 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा सामान्य वर्ग के निर्धन परिवारों की पुत्रियों हेतु 600 करोड़ रुपये दिए गये हैं। पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा के लिए 35 करोड़ रुपये और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के छात्रावासों के निर्माण के लिए 22 करोड़ रुपये दिए है। अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक विकास हेतु विभिन्न प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम लखीमपुर-खीरी, बलरामपुर, बिजनौर, बहराइच, श्रावस्ती तथा महराजगंज में संचालित हो रहे हैं। लघुवन उपजों हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत नान टिम्बर लघु वन उपजों को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय हेतु लघुवन उपजों के विपणन, हाट एवं बाजारों के सुदृढ़ीकरण व गोदामों के निर्माण को सरकार द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने नई योजनाओं के लिए 15.56 करोड़ रुपये की व्यवस्था भी की है। इसके तहत अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए उप्र वरिष्ठ नागरिक कल्याण निधि में 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इससे वरिष्ठ नागरिक विभिन्न सुरक्षा उपायों एवं कार्यक्रमों के जरिए शांतिपूर्वक, सुरक्षित एवं सम्मानजनक तरीके से जीवनयापन कर सकेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनजातीय आवासीय न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत बिजनौर के असेवित क्षेत्रों में आवासीय विद्यालयों के लिए 7.66 करोड़ रुपये दिए गये हैं। बिजनौर में बोक्सा जनजाति के पीएम जनमन योजना के पात्र लाभार्थियों को आवास के निर्माण के लिए 2.90 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है।

# अलीगढ़, मुरादाबाद, और चित्रकूट में शुरू होंगे एयरपोर्ट, कई शहरों में बनेंगी नई हवाई पट्टियां




आवाज प्लस डेस्क

**लखनऊ।** प्रदेश के कई नए शहरों में एयरपोर्ट शुरू किए जाएंगे। बजट में इसकी घोषणा हुई। इसमें अयोध्या एयरपोर्ट के विकास के लिए भी राशि घोषित की गई। बजट पढ़ते हुए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-'उड़ान') तथा राज्य सरकार की ''उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति'' के माध्यम से की जा रही है।

- गत वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में वायुयान द्वारा यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में 19.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- हवाई कनेक्टिविटी के लिए चयनित एयरपोर्ट्स अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट को विकसित किया जा चुका है तथा म्योरपुर (सोनभद्र) व सरसावा (सहारनपुर) एयरपोर्ट्स का विकास कार्य प्रशस्त है।
- अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम' का विकास कराया गया है। अयोध्या में एयरपोर्ट की स्थापना एवं विस्तार हेतु 150 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण तथा भूमि अर्जन हेतु भूमि क्रय मद में 1100 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- जनपद-गौतमबुद्ध नगर के जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कार्य एवं भूमि क्रय हेतु 1150 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

# पार्षद और उनके समर्थकों पर जमीन कब्जे के लिए मारपीट का आरोप

आवाज प्लस डेस्क



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में इब्राहिमपुर प्रथम वॉर्ड के पार्षद और उनके छह सहयोगियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर दलित की जमीन कब्जाने और मारपीट करते हुए धमकाने की रिपोर्ट पीजीआई कोतवाली में दर्ज करवाई गई है। हालांकि पार्षद का कहना है कि उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ता की पैरवी की, जिसके बाद उनके खिलाफ बेबुनियाद मामला दर्ज किया गया है। निलमथा के दुर्गापुरी निवासी नितिन कुमार व्यवसायी हैं। उन्होंने बताया कि नवंबर 2018 में उन्होंने पीजीआई इलाके के रेउतापुर में प्राइमरी विद्यालय के पास दिनेश से 19 लाख रुपये में 3 हजार वर्गफुट का प्लॉट खरीदा और सरोजनीनगर तहसील से उसकी दाखिल खारिज भी करवा ली। उन्होंने 20 नवंबर को प्लॉट में बाउंड्री करवाने के लिए बिल्डिंग मटेरियल गिराया था।

इसी बीच 28 नवंबर को विशाल राजपूत, आशू सिंह अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और प्लॉट पर खुद का दावा करते हुए कब्जाने लगे। विरोध पर जान से मारने की धमकी देते हुए नितिन को भगा दिया। सूचना देने के बाद भी पीजीआई पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस पर नितिन ने पुलिस मुख्यालय में शिकायत की। इसके बाद एसीपी कैंट के आदेश पर पुलिस ने काम रोक दिया था। नितिन का कहना है कि 13 दिसंबर को विशाल राजपूत, आशू सिंह, अभिषेक पांडेय, पीएन सिंह, सोनू पांडेय, एक दर्जन से अधिक मजदूरों को लेकर अपने सहयोगी वर्तमान पार्षद बृजमोहन शर्मा और पार्षद के प्रतिनिधि केशव मिश्रा की सह पर वहां आ धमके और जबरन प्लॉट पर निर्माण शुरू कर दिया। विरोध पर उन लोगों ने नितिन को बुरी तरह से पीटा और धमकाते हुए भगा दिया। नितिन का कहना है कि उन्होंने मारपीट की थाने पर तहरीर दी, लेकिन वह ली नहीं गई। फिर उसने आलाधिकारियों, आईजीआरएस और डीएम के यहां शिकायत की तो 15 दिसंबर को उसे एसीपी कैंट कार्यालय बुलाया गया, लेकिन वहां यह कहते हुए भगा दिया गया कि ज्यादा शिकायत की तो सरकारी कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। आरोप है कि उन लोगों ने 13 जनवरी को फिर मारपीट की और उसकी स्कूटी भी उठा ले गए। जब वह थाने शिकायत करने पहुंचा तो उसी को लॉकअप में डाल दिया गया। उसके वकीलों ने ऐतराज जताया तो पुलिस ने दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान कर दिया और दो दिन बाद थाने से स्कूटी दिलवाई। पीड़ित को जब कहीं से न्याय नहीं मिला तो उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पार्षद और उसके छह समर्थकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

इब्राहीमपुर प्रथम वॉर्ड के पार्षद बृजमोहन शर्मा का कहना है कि नितिन और विशाल राजपूत के बीच जमीन को लेकर विवाद था। विशाल उनकी पार्टी का कार्यकर्ता है तो उन्होंने उसके कागजातों के आधार पर पैरवी की थी, बस इसी बात पर नितिन ने बेबुनियाद आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया। पार्षद का कहना है कि उनके वॉर्ड की सरकारी जमीनों को नितिन बेचता है। जल्द ही वह उसके खिलाफ कार्रवाई करवाएंगे। एसीपी कैंट पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद था, इसलिए पुलिस ने किसी तरफ से केस दर्ज नहीं किया था। हर बार पैमाइश करवाने की ही सलाह दी गई। कोर्ट के आदेश पर पार्षद और आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा-रामराज्य संकल्पना को किया साकार, अब इमेज बीमारू राज्य की नहीं

आवाज प्लस डेस्क




**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में भय और अपराध का माहौल नहीं है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण में कहा कि सरकार प्रदेशवासियों को अपराध एवं भयमुक्त वातावरण देकर रामराज्य की संकल्पना को साकार करने में पूरी तरह सफल रही है। त्योहारों, वैश्विक निवेश सम्मेलन, आजादी का अमृत महोत्सव, जी-20 सम्मेलन, क्रिकेट विश्व कप-2023 जैसे बड़े आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराया गया। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सुरक्षा प्रबंधों की सराहना देश-दुनिया से आये अतिथियों ने की। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 के मुकाबले वर्ष 2023 में डकैती के मामलों में 87 प्रतिशत, लूट में 76 प्रतिशत, हत्या में 43 प्रतिशत, बलवा में 65 प्रतिशत, फिरौती हेतु अपहरण में 73 प्रतिशत की कमी हुई है। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत 8,54,634 सीसीटीवी कैमरों को लगाया जा चुका है। अप्रैल, 2017 से जनवरी, 2024 तक पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर 1,55,830 भर्तियां तथा 1,41,866 पदोन्नतियां की गयी हैं। महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा हेतु सेफ सिटी परियोजना में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। लखनऊ, गोरखपुर एवं बदायूं में पीएसी की महिला बटालियन के साथ बलरामपुर, जालौन, मिर्जापुर, शामली तथा बिजनौर में भी पीएसी बटालियन स्थापित की जा रही है। प्रदेश सरकार के बजट में पुलिस को 755 करोड़ रुपये दिए गये हैं। वहीं नई योजनाओं के लिए 25.64 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी हैं। पीएसी की 24 कंपनियां क्रियाशील होने के दृष्टिगत कुल 120 नए वाहनों की खरीद के लिए 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश के नवगठित 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नए वाहनों की खरीद की जानी है। इसके लिए 5.97 करोड़ रुपये दिए है। एसटीएफ को तीन इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए 57 लाख रुपये दिए गये हैं।

**निर्माण कार्यों के लिए भी दिया बजट**

- गृह विभाग के तहत अभियोजन विभाग के चित्रकूट कार्यालय के लिए 5 करोड़ रुपये
- लोकायुक्त कार्यालय में अतिरिक्त तलों एवं गेस्ट हाउस के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये
- मंडलीय होमगार्ड कार्यालय एवं जिला होमगार्ड कार्यालय के निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये
- होमगार्ड के मंडलीय प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपये।

# मायावती ने बजट पर दी प्रतिक्रिया, बोलीं- विकास के पुराने वादों का मूल्यांकन भी जरूरी




आवाज प्लस डेस्क

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को चुनावी बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए किए गए पुराने वादों का मूल्यांकन भी जरूरी है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को राज्य सरकार द्वारा पेश किए गये बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट पार्टी के चुनावी हित का ज्यादा व व्यापक जनहित एवं जनकल्याण का कम लगता है। सरकार की विभिन्न घोषणाएं, वादे और दावे अपनी-अपनी जगह हैं लेकिन क्या विकास संबंधी सरकार के पिछले सारे वादे पूरे हो गए हैं, इसका भी मूल्यांकन जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि यूपी सरकार के सर्वसमाज के हित, विकास व कानून-व्यवस्था के संबंध में जितने भी दावे और वादे बजट में करती है, उसका सही से अनुपालन जरूरी है। तभी राज्य के लोगों की अपार गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ापन आदि दूर हो पाएगा। जिसका फिर सीधा प्रभाव देश के विकास व यहां के लोगों की उन्नति पर पड़ेगा।

# सम्पादकीय

## उल्लेखनीय रही अब तक की यात्रा, निचले तबके तक पहुंच रहा विकास



समान नागरिक संहिता और इस तरह के अन्य कानून की कमी देश को धर्म और जाति में बांट रही है। 75 वर्षों से ज्यादा समय से आरक्षण यह सुनिश्चित करने का साधन रहा है कि सभी समूहों को समान अवसर मिले। हालांकि आरक्षण ने निश्चित रूप से बहिष्कृत समाजों की भागीदारी और समावेशन बढ़ाने का काम किया है, लेकिन निर्विवाद रूप से क्रीमी लेयर का उदय आरक्षण के लाभों पर हावी है। यह हमारे देश की उपलब्धि रही है कि हमारा लोकतंत्र न केवल बीते साढ़े सात दशकों में परिपक्व हुआ है, बल्कि समृद्ध भी हुआ है। जब हमने 1950 में अपने संविधान को अपनाया, तब दुनिया दूसरे विश्वयुद्ध और उपनिवेशवाद के परिणामों से निपट रही थी। उस समय देश गरीबी और औपनिवेशिक शोषण के गहरे घाव झेल रहा था। कई पर्यवेक्षक तो यहां तक कहते थे कि भारत में लोकतंत्र ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रहेगा, लेकिन आज हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। सामाजिक-आर्थिक विकास और राजनीतिक शक्ति निचले तबके के 40 फीसदी लोगों सहित समाज के हर वर्ग में पहुंचा है। 1991 में हुए आर्थिक उदारीकरण के चलते आर्थिक विकास की गति तीव्र हुई है, जो वित्त वर्ष 1991 के 5.32 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 296.57 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यानी 33 वर्षों में 13 फीसदी की संचयी वार्षिक विकास दर! यह भारतीय इतिहास की एक अनूठी उपलब्धि है। इस दशक में आधारभूत ढांचे के विकास पर खर्च में भारी बढ़ोतरी, वित्तीय क्षेत्र में बचत एवं निवेश में वृद्धि, विनिर्माण एवं उत्पादन में वृद्धि और बहुत बड़ी आबादी का तकनीकी आधारित समावेश पहल विकास को गति दे रही है। भारत अब नॉमिनल जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। हमारी उपलब्धियां जहां हमें अब तक की यात्रा के बारे में बताती हैं, वहीं कमियां आगे की चुनौतियों का पता देती हैं। हमारी सबसे बड़ी कमियों में से एक है न्याय की कमी, जो आबादी के एक बड़े हिस्से को देर से मिलता है। एक अनुमान के मुताबिक, ढाई लाख विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हैं, जो अदालतों के फैसले का इंतजार कर रहे हैं और जिन आरोपों में वे जेल में बंद हैं, उनकी अधिकतम सजा का आधे से ज्यादा हिस्सा उन्होंने जेल में बिता दिया है। कई ऐसे भी मामले हैं, जिनमें निर्दोष लोग 15-20 वर्षों तक जेलों में बंद रहे और फिर सबूतों के अभाव में रिहा हो गए। न्याय प्रणाली द्वारा मुकदमा चलाने की धीमी गति के कारण भ्रष्ट राजनेता अपनी कपटपूर्ण गतिविधियों को जारी रखने में सक्षम हैं। ऐसे में न्याय क्षमता का निर्माण तेजी से होना चाहिए, खासकर निचली अदालतों में। भारत में प्रति दस लाख की आबादी पर मुश्किल से 21 जज हैं, जबकि 100 जज होने चाहिए। न्याय एक सभ्य समाज का आधार है, और भारत को तुरंत इस आधार का सशक्तीकरण सुनिश्चित करना चाहिए। समान नागरिक संहिता और इस तरह के अन्य कानून की कमी देश को धर्म और जाति में बांट रही है। 75 वर्षों से ज्यादा समय से आरक्षण यह सुनिश्चित करने का साधन रहा है कि सभी समूहों को समान अवसर मिले। हालांकि आरक्षण ने निश्चित रूप से बहिष्कृत समाजों की भागीदारी और समावेशन बढ़ाने का काम किया है, लेकिन निर्विवाद रूप से क्रीमी लेयर का उदय आरक्षण के लाभों पर हावी है। इसके अलावा, समान नागरिक संहिता का न होना, निश्चित रूप से समाज के कुछ समूहों पर अन्यायपूर्ण प्रभाव डाल रहा है, जैसे मुस्लिम महिलाएं, जो आबादी का आठ प्रतिशत हैं। संविधान में अंतर्निहित समानता के वादे में पूर्ण लैंगिक समानता भी शामिल होनी चाहिए। हिंदू महिलाओं को अपने पुरुष समकक्षों की तरह अधिकांश अधिकार प्राप्त हैं, जबकि अलग धार्मिक कानून की वजह से मुस्लिम महिलाओं को वह लाभ नहीं मिलता, जिसका फायदा अनुचित रूप से मुस्लिम पुरुष उठाते हैं। समान नागरिक संहिता, जो लिंग, धर्म और जाति की परवाह किए बिना सभी नागरिकों से समान व्यवहार करे, इस वक्त की जरूरत है। पुलिस सुधार भी एक और तात्कालिक जरूरत है। ऐसा लगता है कि पुलिस बल अब भी अपने औपनिवेशिक साम्राज्यवादी मूल्यों से मजबूती से जुड़े हुए हैं। पुलिस बर्बरता के कई मामले सामने आए हैं, मसलन, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर लाठीचार्ज या जेलों में विचाराधीन कैदियों की पिटाई। पुलिस सुधार, जो अनिवार्य रूप से नागरिकों की सुरक्षा और कानून के राज पर केंद्रित है, बेहद महत्वपूर्ण विषय है, और ऐसा करने पर समाज में पुलिस का सम्मान बढ़ेगा और यह हमारे समृद्ध लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण होगा। वित्तीय क्षेत्र में मजबूत पूंजीकरण के साथ बैंकिंग प्रणाली अच्छी स्थिति में है और शेयर बाजार में खुदरा भागीदारी बढ़ रही है। प्रति व्यक्ति आय निरंतर बढ़ रही है और नागरिक आर्थिक विकास के कई नए रास्ते तलाश रहे हैं, लेकिन कर चोरी एवं इससे जुड़े विवाद भी बढ़ रहे हैं। कर विवादों की मात्रा वर्ष 2014 के 4.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2023 में 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। कर अधिकारियों को पहले जरूरी सबूत इकट्ठा करने और तार्किक संदेह करने की आवश्यकता के बिना लोगों को परेशान करने के लिए काफी अधिकार दे दिए गए हैं। ऐसे में, उन्हें जवाबदेह बनाना चाहिए, और उनकी मनमानी शक्तियों पर अंकुश लगाने के लिए सुधार किए जाने चाहिए। सामाजिक स्तर पर देखें, तो शिक्षा के क्षेत्र में भारत काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। लगभग सभी बच्चे स्कूल में हैं और अब शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। 18 से 23 आयु वर्ग के 28 फीसदी युवा कॉलेजों में हैं और एक दशक में इनकी संख्या 50 फीसदी तक बढ़ाने के लिए पहल की जरूरत है। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों के लिए पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क स्थापित करने की भी जरूरत है। एक अनुमान के मुताबिक, 13 करोड़ भारतीय आज 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के हैं और अनुमान है कि इनकी संख्या 2030 तक बढ़कर 20 करोड़ हो जाएगी। पेंशन व्यवस्था या स्वास्थ्य सेवा की कमी के कारण उनमें से कई गरीबी में जी रहे हैं। एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क उनके सम्मानपूर्ण जीवन के अधिकार को सुनिश्चित करेगा। अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए ये सभी बातें जरूरी हैं और इन्हें तेजी से लागू करने से देश वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में आगे बढ़ पाएगा। कुल मिलाकर, दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले बड़े लोकतंत्र के रूप में हमारी अब तक की उपलब्धियां उल्लेखनीय रही हैं। हालांकि काफी समय से लंबित कई बड़े सुधारों के साथ भारत को अभी मीलों चलना है, लेकिन संतोष की बात है कि हम उम्मीद के साथ भविष्य की ओर देख सकते हैं।

# अर्बन ग्रीन स्पेस- जहां प्रकृति के बीच से गुजरता है खुदको जानने का रास्ता

नेचर वॉक ग्रुप के साथ शहर में कॉन्क्रीट के जंगलों के बीचों-बीच एक ऐसे ग्रीन स्पसे से परिचय हुआ, जिसकी कशिश ही अलग थी, उसकी सौंधी-सौंधी महक हर किसी को आकर्षित कर रही थी। शहर के बीच हरित स्थान प्रकृति की खली पाठशाला है। अगर इन स्थानों में समय गुज़ार कर हम प्रकृति की स्वचालित पद्दति को देखें कि किस तरह प्रकृति में कुछ भी व्यर्थ नहीं हैं। पेड़ के पत्ते नीचे गिरकर खाद बन जाते हैं। चिड़िया और भवरें एक जगह से दूसरी जगह बीज गिराकर एक नए फूल को जन्म देते हैं। बारिश की बूंदे जमीन को हरा-भरा बनाकर फिर वापस ओस बन जाती हैं। ऐसा लगता है यह कौन वास्तुकार है जो बिना रुके, बिना किसी प्रयास के सहजता से चलता रहता है। प्रकृति को और नज़दीक से जानने के लिए मैं शहर में स्थित एक ' नेचर वॉक' ग्रुप के साथ जुड़ गई। 'नेचर वॉक' ग्रुप हर शहर में प्रकृति प्रेमी लोगों के समूह होते हैं जो कि शहर के भीतर और शहर से बाहर हरित स्थानों (ग्रीन स्पसे से) का भ्रमण् करते हैं, उनका अवलोकन करते हैं और साथ में मिलकर प्रकृति और प्राकृतिक स्थानों को बचाने का सतत् प्रयास करते हैं। नेचर वॉक' ग्रुप के साथ शहर में कंक्रीट जंगल के बीचों-बीच एक ऐसे ग्रीन स्पसे से परिचय हुआ, जिसकी कशिश ही अलग थी, उसकी सौंधी-सौंधी महक हर किसी को आकर्षित कर रही थी। उस स्थान का नाम था सावित्री अर्बन फूड फॉरेस्ट। यहां पर न केवल पड़े-पौधे और घूमने की जगह थी, बल्कि हर फल के एक या दो वृक्ष लगे हुए थे। तने पर लटके हुए केले, अंगुर की बेल से बातें कर रहे थे। रात की रानी, मोगरा, रजनीगंधा, तलु सी, और लमेन ग्रास की महक, चिड़ियों, तितलियों और भवरों को आमंत्रण दे रही थी। इस अर्बन फूड फॉरेस्ट में 90-100 तक अलग-अलग तरह के फल-फूल ,घास, वृक्ष सब्ज़ियां और बेल लगी हुई थी। वहां पर एक छोटी सी 'आयर्वेदिक डिस्पसेंरी' भी थी जिसमें तलुसी, अडूसी, शतावरी,



ब्राह्मी, इन्सलिुलिन जैसै अन्य आयर्वेदिक प्लांट लोगों को बरबस अपनी ओर खींच रहे थे। पेड़ों के नीचे पालक, मेथी और सरसो की छोटी-छोटी क्यारियां बनी हुई थीं और साथ में टमाटर और भिंडी की फ़सलें झूमकर अपने होने का एहसास करा रहीं थी। पक्षियों के लिए पानी का छोटा सा पौंड था। उसमें तैरती हुई छोटी-छोटी मछलियां तलाब केऊपर लगे हुए शहततू के पेड़ के साथ अठखलियां कर रही थी। ये खाद्य वन आंखों के लिए एक ट्रस्ट, जीभ के लिए क्षुधा-शांति, और मन के लिए एक अच्छा सुकून था। हरित स्थान एक 'ऑक्सीजन फैक्ट्री' होते हैं जो शरीर और मन, दोनों में रक्त-संचार करते हैं। शहरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए हरित क्षेत्र फल, फूल और वृक्षों का 'लाइव डेमो होते हैं। मिटटी को छूना और उस पर नंगे पांव चलना, अपने आप में ही एक थेरेपी है। इसके अलावा स्पेशल चिल्ड्रन, 'दिव्यागं ' के लिए भी अर्बनर्ब ग्रीन स्पेस ही एक ऐसा स्थान होते हैं, जहां पर वे सामान्य बच्चों के साथ मिलजुल कर खेल सकते हैं, तथा उनके साथ मित्रता-पूर्ण व्यवहार सीख सकते हैं। इसके अलावा, हरित स्थान में बने 'ससेंरी गार्डन', ऑटिस्म और ष्ठाष्ठ के बच्चों की पांचों इंद्रियों को जागृत करके उनके लिए वरदान साबित होते हैं। बुजुर्ग वर्गों के लिए हरित स्थान अथवा 'अर्बन गार्डन' उनकी उम्र के लोगो के लिए मिलने-जुलने का सबसे अच्छा साधन है। यहां पर इकट्ठा होकर, अपनी उम्र के लोगों के साथ मिल-जुलकर योग और प्राणायाम करना, मिलना-मिलाना, हंसना-हंसाना और गार्डन में अपना बर्थडे मनाना, उन्हें जीने की नई राह दिखाता है। अर्बन गार्डन्स के बाहर बैठे हुए सब्जी बचेने वाले एक तरफ छोटे-छोटे किसानों को रोजगार उपलब्ध कराते हैं तो वहीं दूसरी तरफ शहरी लोगों को ताज़ा फल और सब्ज़ियों का प्राप्त करने का स्त्रोत प्रधान करते हैं। हरित स्थान पर लगे हुए नीम, जामुन, बरगद, पीपल के वृक्ष न केवल हवा को शुद्ध करते हैं बल्कि हरा रंग खुशहाली का भी प्रतीक होता है, जोकि तनाव को कम करके, मसल्स को रिलैक्स करने में मदद करता है। इससे मांसपेशियों को सुकून मिलता है और तनाव का स्तर भी कम होता है, इसलिए मनोवैज्ञानिक तनाव और एंग्जायटी में गार्डन में चलने का सुझाव देते हैं, जिससे सांस हल्की होती है। हरा रंग शान्ति देता है, इसलिए हॉस्पिटल में हरे रंग के पर्दे लगाए जाते हैं। एक प्रसिद्ध अनसुंधान के अनुसार, दुनियाभर में ऐसे कुछ 'ब्लूज़ोन्स' पहचाने गए हैं जहां लोगों की आयु सौ वर्ष से अधिक होती है। 'ब्लूज़ोन्स' में रहने वाले लोगों की लम्बी उम्र के राज़ से जब पर्दा हटाया गया, तो पता चला की यह लोग अपना अधिक से अधिक समय, हरित स्थानों में एक साथ मिलकर व्यतीत करते हैं और ये हरित स्थान ही उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायु का राज़ होते हैं। आज इस एनवायरनमेंट एजुकेशन-डे पर हम सब ये प्रतिज्ञा करें कि हम सभी शहरों में अधिक से अधिक हरित क्षेत्र बनाने का प्रयास करेंगे। प्रकृति की इन धरोहर को सहज कर रखेंगे और आने वाली पीढ़ी को बड़े-बड़े घर और फ्लटै के बदले प्राकृतिक स्थान, प्राकृतिक ज्ञान और प्राकृतिक संस्कार देंगे, जिससे कि वो उद्यानों और हरित स्थानों पर मिलकर पुराने समय जैसे सामदुायिक जीवन जी सकें और इस धरती का 'वसधुवै कुटुम्बकम' का स्वप्न सार्थक कर सकें।

# 'भारत रत्न' में घुली 'चुनावी चमक' के नरेटिव का धुंधला सच


मोदी सरकार द्वारा हाल में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से दो राजनीतिक विभूतियों को सम्मानित करने ऐलान के बाद एक नैरेटिव यह बनाने की कोशिश हो रही है कि इसके पीछे सम्मान और कृतज्ञता का भाव कम और सियासी एंगल ज्यादा है। दरअसल, लोकसभा चुनाव से पहले शीर्ष पुरस्कारों की इस कवायद के पीछे नीयत भाजपा के पक्ष में वोटों को खींचना है। गौरतलब है कि बीते एक पखवाड़े में देश की दो अजीम सियासी हस्तियों समाजवादी नेता और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को पिछड़ी जातियों के सामाजिक राजनीतिक उत्थान के लिए मरणोपरांत तथा भाजपा के वरिष्ठतम नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को राष्ट्रीय एकता, देश के सांस्कृतिक उत्थान व अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भारत रत्न देने का ऐलान हुआ। घोषित तौर पर दोनों को यह पुरस्कार उनकी अन्यतम देश सेवा के लिए दिया गया है। 'भारत रत्न' ऐसा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है, जो राष्ट्रपति सीधे प्रधानमंत्री की सिफारिश पर देते हैं। पहले यह कला, साहित्य, विज्ञान और लोकसेवा को लेकर ही दिए जाते थे। बाद में नियमों में संशोधन कर इसे अन्य क्षेत्रों के लिए विस्तारित कर दिया गया है। हालांकि देश का यह सबसे बड़ा नागरिक सम्मान कई बार सवालों के घेरे में रहा है। खासकर राजनेताओं को ये पुरस्कार देने के पीछे मंशा को लेकर। इस बार भी इस पुरस्कार की टाइमिंग और पात्र चयन के संदर्भ में यह नैरेटिव बनाने की कोशिश हुई कि कर्पूरी ठाकुर के रूप में पहली बार देश में किसी अति पिछड़ी जाति के व्यक्ति को सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है, जबकि आडवाणी के बारे में कहा गया कि कभी हाशिए पर पड़ी भाजपा उन्हीं के भागीरथ प्रयासों से आज दिल्ली के तख्त पर काबिज है और देश के बहुसंख्यक हिंदुओं की आकांक्षा अयोध्या में राम मंदिर ने आकार ग्रहण किया है। जाहिर है कि इसमें निहित राजनीतिक संदेश यही है कि इन भारत रत्नों के जरिए मोदी सरकार ने बिहार सहित देश के अन्य राज्यों में भी अति पिछड़ी जातियों तथा आडवाणी के माध्यम से कट्टर हिंदुत्ववादी वोटों को साधने की कोशिश की है। माना जा रहा है कि 'भारत रत्न' दिए जाने की खुशी कहीं न कहीं वोटों में तब्दील हो सकती है। अगर हम पिछले पचास सालों में घोषित भारत रत्न पुरस्कारों और इस घोषणा के सन्निकट लोकसभा व विधानसभा चुनाव के नतीजों का विश्लेषण करें तो कई बातें साफ हो जाएंगी। अपेक्षा और अनुमान के स्तर पर यह बात सही हो सकती है, लेकिन अगर भारत में पिछले पचास सालो में दिए गए भारत रत्न सम्मानों, इस सम्मान से सम्मानित होने वाली हस्तियों और इस सम्मान की घोषणा के सालभर के अंदर देश में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के नतीजों को परखें तो तस्वीर कुछ और ही नजर आती है। ज्यादातर मामलों में भारत रत्न घोषित करने वाली सत्तारूढ़ पार्टी को इसका चुनावी लाभ अपवाद स्वरूप ही मिला है। अगर वो चुनाव जीती भी है तो उसके कारण दूसरे हैं न कि किसी फलां जाति, धर्म, प्रदेश अथवा समुदाय के व्यक्ति को भारत रत्न देने के कारण। इसका सीधा अर्थ यह है कि भारत रत्न जैसा सर्वोच्च पुरस्कार इस सत्ताकांक्षी संकुचित सोच से कहीं ऊपर है और देश की जनता भी अमूमन उसे उसी रूप में लेती है, यह मानकर कि भारत रत्न जैसे राष्ट्रीय गौरव के मुद्दे को वोटों




के क्षुद्र अंकगणित में नहीं तौला जाना चाहिए, भले ही सरकारें इस पुरस्कार के पीछे प्रतिभा के सम्मान के साथ वोटों की गोलबंदी का अघोषित तड़का लगाने की कोशिश करती महसूस हों। अगर हम पिछले पचास सालों में घोषित भारत रत्न पुरस्कारों और इस घोषणा के सन्निकट लोकसभा व विधानसभा चुनाव के नतीजों का विश्लेषण करें तो कई बातें साफ हो जाएंगी। इस तरह की पहली धुंधली कोशिश देश के पूर्व प्रधानमंत्री और सादगी की प्रतिमूर्ति कहे जाने वाले लाल बहादुर शास्त्री को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मानी जा सकती है। तब देश में कांग्रेस की सरकार थी। शास्त्री जी का निधन 1966 में हुआ और 1965 के भारत- पाक युद्ध में भारत की जीत के चलते उन्हें भारत रत्न मरणोपरांत दिया गया। उसके अगले ही साल 1967 में देश में लोकसभा के चुनाव हुए। तब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी और प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थीं। उस चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आने के लिए जैसे- तैसे बहुमत जुटा पाई। उसकी जीती हुई सीटों का आंकड़ा अब तक न्यूनतम था। यानी कांग्रेस को शास्त्रीजी को भारत रत्न देने का कोई विशेष राजनीतिक लाभ नहीं हुआ। बल्कि कांग्रेस उस उत्तर प्रदेश, जो शास्त्री जी का गृह प्रदेश भी था, में 1967 के विधानसभा चुनाव में बहुमत का आंकड़ा भी नहीं छू पाई। इसी तरह 1990 में तत्कालीन जनता दल सरकार और उसके प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की जन्म शताब्दी पर उन्हें तथा महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को मरणोपरांत भारत रत्न देने का ऐलान किया ( सुभाष बाबू को मरणोपरांत भारत रत्न देने पर भी सवाल उठा था, क्योंकि उनकी मृत्यु को लेकर आज भी विवाद है)। लेकिन अगले ही साल 1991 में हुए आम चुनाव में वीपी सिंह की पार्टी सत्ता से बेदखल हो गई। ऐसा ही एक नैरेटिव 2013 में बनाने का प्रयास हुआ जब केंद्र में प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व कार्यरत यूपीए- 2 सरकार ने महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न देने का ऐलान कर दिया। सचिन बहुत कम उम्र में यह नागरिक सम्मान पाने वाले व्यक्ति हैं। तब अघोषित तौर पर यह नैरेटिव बनाने की कोशिश हुई थी कि चूंकि सचिन देश के युवाओं के आइकन है, अत- उन्हें भारत रत्न देने से युवा आम चुनावों में बड़े पैमाने पर कांग्रेस को वोट देंगे। इस भारत रत्न सम्मान की घोषणा के अगले ही साल 2014 में आम चुनाव हुए और कांग्रेस आजादी के बाद अपने न्यूनतम स्कोर 44 पर जा पहुंची। दूसरी तरफ हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का झंडा थामे भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने दम पर ही सत्ता में आ गई। इतना ही नहीं जिस महाराष्ट्र से सचिन आते हैं, वहां भी कांग्रेस 2014 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर हो गई। उत्तर भारत से उसका सफाया हो गया। मोदी सरकार ने 2015 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न देने का ऐलान किया। माना गया कि यह उस पश्चिम बंगाल के लिए भी संदेश है, जहां भाजपा अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही है। लेकिन 2016 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस फिर भारी बहुमत से सत्ता में आ गई और भाजपा महज 3 सीटें ही जीत पाई। अलबत्ता प्रणब दा जरूर इस सम्मान से गदगद दिखे। मोदी सरकार द्वारा 2019 में असम के महान संगीतकार डॉ- भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने की घोषणा हुई। उसके दो साल बाद 2021 में हुए असम विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत के साथ सत्ता में लौट आई। लेकिन उसके पीछे असली कारण वोटों का धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण और प्रतिदंद्वी कांग्रेस में अंतर्कलह होना ज्यादा था न कि भूपेन दा को भारत रत्न देना। इसी तरह 2019 में पहली बार एक राष्ट्रवादी नेता और समाजसेवी नानाजी देशमुख को भारत रत्न दिया गया। नानाजी महाराष्ट्र से थे। महाराष्ट्र में उसी साल विधानसभा चुनाव हुए, लेकिन चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीतने के बाद भी भाजपा शिवसेना से झगड़ों के कारण सत्ता से बेदखल हो गई। जबकि लोकसभा चुनाव में उसकी सहयोगी रही शिवसेना ने कांग्रेस व राकांपा के साथ मिलकर सरकार बना ली। वैसे सवाल तो प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए पं.जवाहर लाल नेहरू और श्रीमती इंदिरा गांधी को भारत रत्न देने को लेकर भी उठे थे। लेकिन तत्कालीन राष्ट्रपतियों डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और वी.वी.गिरी ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि यह 'उनका' निर्णय है। अब मोदी सरकार ने कर्पूरी ठाकुर और लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की है। आमतौर पर उसका स्वागत ही हुआ है। लेकिन इन 'भारत रत्नों' की चुनावी चमक भी दिखेगी, कहना मुश्किल है। कर्पूरी ठाकुर के संदर्भ में एक अटकल यह है कि चूंकि बिहार में 36 फीसदी अति पिछड़ा वर्ग ( ईबीसी ) हैं, इसलिए यह वर्ग एनडीए को समर्थन देगा। कर्पूरी ठाकुर भी नाई समाज से थे, जो ईबीसी में आता है। लेकिन यह वर्ग पहले से नीतीश कुमार यानी एनडीए के पक्ष में है। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने से इसमें और ज्यादा वृद्धि की गुंजाइश कम ही है। राष्ट्रीय स्तर पर ईबीसी जनसंख्या का आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन अगर हम बिहार में ईबीसी आबादी के प्रतिशत को राष्ट्रीय संदर्भ में अप्लाई करें तो देश में इन जातियों की आबादी करीब 50 करोड़ होती है( ईबीसी से तात्पर्य वो पिछड़ी जातियां जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रू. वार्षिक से कम है और किसी और श्रेणी में आरक्षित नहीं हैं)। अगर कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न का अनुकूल संदेश ईबीसी में गया तो पूरे देश में भाजपा को आम चुनाव में इसका भारी लाभ मिल सकता है। लेकिन यह केवल अनुमान है। इसी तरह आडवाणी को किसी समुदाय के दायरे में बांधकर देखना सही नहीं होगा। फिर भी वो जिस सिंधी समुदाय से आते हैं, उनकी देश की आबादी में हिस्सेदारी महज 0.23 प्रतिशत है और इनमें से भी ज्यादातर भाजपा के साथ ही हैं। हालांकि इससे उन भाजपाइयों में जरूर सकारात्मक संदेश गया है, जो अपेक्षाकृत उदार हिंदुत्ववादी हैं। अयोध्या में बाबरी मस्जिद ध्वंस को उन्होंने अपने जीवन का सबसे दुखद दिन बताया था। आडवाणी पर अपने उत्तर काल में सेक्युलरवाद की तरफ झुकने का आरोप लगा था। फिर भी आडवाणी को भारत रत्न दिया गया है तो कुछ लोगों का मानना है कि यह उनके राजनीतिक शिष्य नरेन्द्र मोदी द्वारा देर से ही सही मगर दी गई 'गुरु दक्षिणा' है और पूर्व में की गई उपेक्षा की मीठी नुकसान भरपाई है।


# समाज- बदल रहा है उच्च शिक्षा का माहौल, समावेशी पहल से उत्थानी उम्मीदें

सरकार और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भी कमजोर वर्गों की छात्राओं और दिव्यांगों के प्रति पूरी जिम्मेदारी दर्शाई है। 2017-18 की तुलना में 2021-22 में पंजीकृत 18.1 फीसदी एससी 2022 में 25 फीसदी हो गए हैं। शिक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट कहती है, 'अजजा के छात्रों की संख्या बढ़कर विगत पांच वर्षों में 41.6 फीसदी हुई है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी माहौल से समाज के उत्थान की नई उम्मीदें पैदा हुई हैं। एक वक्त था, जब विश्वविद्यालयों में ज्यादातर राजनीतिक नियुक्तियां होती थीं और दूसरे पदों पर नियुक्तियों में भी काफी पैसा चलता था। ऐसे में अजा/अजजा जैसे कमजोर वर्गों के लोगों का शैक्षिक पदों में समावेश बेहद मुश्किल था, क्योंकि उनके पास इतने आर्थिक संसाधन नहीं थे, कि वे नियुक्ति के सपने देख सकें। जाहिर है कि इन पदों पर कमजोर वर्गों का प्रतिनिधित्व भी तकरीबन शून्य ही हुआ करता था। अर्हता के मानक और व्यवस्था की नकारात्मक दृष्टि के कारण करोड़ों की आबादी वाले ये समुदाय एक फीसदी भी समावेश पाने से वंचित थे। किसी को पता भी नहीं चलता था, और बगैर किसी शैक्षिक मूल्यांकन के चोर दरवाजे से विश्वविद्यालय रूपी मंदिर में उच्च पदों पर नियुक्तियां होती थीं। नतीजा यह होता था कि कमजोर वर्गों के छात्र व छात्राएं काफी हतोत्साहित रहते थे और उच्च शिक्षा के प्रति काफी उदासीन भी। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। आज बाकायदा पदों के विज्ञापन छपते हैं। सर्च कमेटियां बैठती हैं। रिसर्च एडमिनिस्ट्रेटिव अनुभव और बौद्धिक विकास की संकल्पना को साकार करते सत्यनिष्ठ आचार्यों की उपलब्धियों से विश्वविद्यालयों के उच्चतम पदों की गरिमा में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ रही हैं। अब राजनीतिक प्रतिबद्धता से मुक्त, अपने अकादमिक दायित्वों, विद्या-विकास के प्रति निष्ठा और सामूहिकता की भावना जैसे गुणों को नियुक्ति के वक्त तरजीह दी जाती है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र की समृद्धि राष्ट्र की सामाजिक समृद्धि



की रीढ़ होती है। उन आचार्यों को प्रमुखता दी जा रही है, जिनके पास अपेक्षित उच्च स्तरीय उपाधियां हों, जिन्होंने उच्च स्तरीय रिसर्च किया हो, जिनकी कला-विज्ञान या मीडिया विषयक पुस्तकें विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल हों, जिनके अनुवाद देशी-विदेशी भाषाओं में हों और जिनके रचना कर्म को लेकर देश के अनेक विश्वविद्यालयों में दर्जनों एम.फिल., पीएच.डी. के रूप में शोध कार्य हो चुके हों। हाल ही में आरक्षित श्रेणी के फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने और उनका इस्तेमाल पश्चिम बंगाल के चिकित्सा महाविद्यालय में किए जाने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की कार्यवाही पर रोक लगाई है। फर्जी जाति प्रमाण पत्र ऐसा भ्रष्टाचार है, जिससे अजा/अजजा के शिक्षा क्षेत्र में समावेश की संभावना को न्यूनतम किया जाता रहा है। निराशा और नाउम्मीदी को परास्त कर सभी के लिए आशाजनक खबर आई, कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के 'अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण' के अनुसार, देश में नामांकन बढ़कर 4.33 करोड़ हुआ है। 2014 के बाद हुई 26.5 फीसदी की वृद्धि आशातीत है। 2014-2015 से अब तक 341 विश्वविद्यालय स्थापित हुए हैं। आंकड़ों की मानें, तो 2021-22 में सकल नामांकन अनुपात 28.4 तक पहुंच गया है। समानांतर रूप से स्थापित प्राइवेट सेक्टर की शिक्षा व्यवस्था में एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों/शिक्षकों, कुलसचिवों, कुलगुरुओं में राजकीय और निजी क्षेत्र का समावेशी अनुपात कितना संतोषजनक है, इसका कोई ब्योरा नहीं है। निजी क्षेत्र की अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाना कमजोर वर्गों के लिए दुर्लभ होता जा रहा है। वहां सामान्य वर्ग की तुलना में आरक्षित वर्ग के छात्रों का अनुपात नगण्य है। परंतु राजकीय शिक्षा में पहले से स्थिति बेहतर हुई है। मीडिया में जारी आंकड़े बताते हैं, 2014-15 में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों का नामांकन 46.07 लाख था, जो 2021-22 में बढ़कर 66.23 लाख हो गया है। अर्थात 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अनुसूचित श्रेणी की छात्राओं की संख्या 21.02 लाख से बढ़कर 31.71 लाख बताई गई है। हम जानते हैं कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पदोन्नतियां, भर्तियां और पीएचडी पाठ्यक्रमों में सभी श्रेणियों की सीटें बढ़ी हैं। सरकार और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भी कमजोर वर्गों की छात्राओं और दिव्यांगों के प्रति पूरी जिम्मेदारी दर्शाई है। 2017-18 की तुलना में 2021-22 में पंजीकृत 18.1 फीसदी एससी 2022 में 25 फीसदी हो गए हैं। शिक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट कहती है, 'अजजा के छात्रों की संख्या बढ़कर विगत पांच वर्षों में 41.6 फीसदी हुई है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी माहौल से समाज के उत्थान की नई उम्मीदें पैदा हुई हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलास्तरीय अधिकारी भाग लेगें



**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने विगत 30 दिसम्बर 2023 को जारी सम्पूर्ण समाधान दिवस के कार्यक्रम में आवश्यक कारणवश कतिपय संशोधन किया है। उन्होने अवगत कराया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 17 फरवरी 2024 को तहसील बिलग्राम में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उनकी अध्यक्षता में, सण्डीला में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तथा सवायजपुर में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इसी तरह 02 मार्च 2024 को शाहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, सवायजपुर में सीडीओ की अध्यक्षता में व सदर में एडीएम की अध्यक्षता में, 16 मार्च को सण्डीला में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, सदर में सीडीओ की अध्यक्षता में व बिलग्राम में एडीएम की अध्यक्षता में, 06 अप्रैल को सवायजपुर में उनकी अध्यक्षता में, बिलग्राम में सीडीओ व शाहाबाद में एडीएम की अध्यक्षता में, 20 अप्रैल को सदर की अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, शाहाबाद में सीडीओ एवं सण्डीला में एडीएम की अध्यक्षता में, 04 मई को बिलग्राम में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, सण्डीला में सीडीओ तथा सवायजपुर में एडीएम की अध्यक्षता में, 18 मई को शाहाबाद में उनकी अध्यक्षता में, सवायजपुर में सीडीओ व सदर में एडीएम की अध्यक्षता में, 01 जून को सण्डीला में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, सदर में सीडीओ व बिलग्राम में एडीएम की अध्यक्षता में और 15 जून 2024 को सवायजपुर में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, बिलग्राम में सीडीओ की अध्यक्षता में एवं शाहाबाद में एडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। उन्होने कहा है अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेगें और मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा भाग लिया जायेगा।

# नव नियुक्त खंड विकास अधिकारी का हुआ स्वागत




**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

**शाहजहांपुर।** आज सिंधौली ब्लांक में नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी देव कुमार चतुर्वेदी का राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने सभी प्रधानों के साथ मिलकर फूल माला पहनाते हुए स्वागत किया । देव कुमार ने सभी प्रधानों का आभार व्यक्त किया , और कहां की मैं विकास कार्यों में सभी प्रधान साथियों का पूरा सहयोग करूंगा । हमारे किसी प्रधान भाई को कोई भी समस्या हो तुरंत हमसे संपर्क करें, और इसी के साथ सभी को अपना मोबाइल नंबर नोट कराया । खंड विकास अधिकारी ने कहा की हमारी सिंधौली ब्लांक की सभी 87 ग्राम पंचायत विकास कार्यों में अग्रणी बने, मै सभी का सहयोग करने को तैयार हूं, और हमारी ब्लॉक जनपद में नंबर वन बने, ऐसा कार्य हम सभी को करना चाहिए । कार्यक्रम में सिंधौली ब्लांक प्रधान संघ अध्यक्ष अमर सिंह यादव, आगा खां, संजू दीक्षित, वसीम खां ,भानू प्रताप सिंह उर्फ श्यामू ,राजीव ,अनूप पाल ,बृजेश सिंह यादव ,फकीरेलाल ,सुरेश सिंह ,राजाराम वर्मा ,आलोक मिश्रा आदि प्रधान मौजूद रहे ।।

# दुर्घटनाओं को देखकर बिल्कुल भी अनदेखा न करें,आपका एक कॉल किसी की जान बचा सकता है: चंद्र किरण कश्यप





**❖ राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति की टीम ने अनियंत्रित होकर पलटे ऑटो की सूचना 112 पुलिस कंट्रोल रुम को देकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया**

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**

**हापुड़।** जनपद मे राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के पंचायतीराज विभाग से प्रदेश सचिव चंद्र किरण कश्यप ने बताया कि रविवार रात ड्यूटी से घर लौटते समय लगभग रात 8ः00 बजे जनपद के बुलंदशहर रोड सोना पेट्रोल पंप गोल चक्कर के पास अनियंत्रित होकर यूपी 37 एटी1653 ऑटो पलटा हुआ मिला और संगठन के प्रदेश सचिव ने अपनी टीम व आसपास के लोगों के साथ मिलकर ऑटो में घायल सवारियों को निकाल कर 112 पुलिस हापुड़ को फोन पर सूचना देकर घायल व्यक्तियो के परिवारजनो को सूचित कर घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया तो वही हापुड 112 कंट्रोल रूम पर तैनात एस आई मुकेश कुमार ने सूचना मिलते ही घटना को संज्ञान लेकर 112पुलिस व जदिद पुलिस चौकी की मदद भेजी संगठन के प्रदेश सचिव चंद्रकिरण कश्यप ने घटनास्थल पर लोगों को जागरुक करते हुए कहां कि सड़क पर दुर्घटनाओं को देखकर अनदेखा न करें आपका एक कॉल किसी की जान बचा सकती है दुर्घटना को देखकर डरे नहीं घबराएं नहीं किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में फोन उठाएं 112 मिलाए किसी भी प्रकार की घटनाओ को उत्तर प्रदेश पुलिस को सूचित करने की अपील करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस 24 घण्टे आपकी सेवा में तत्पर है। दुर्घटना स्थल पर संगठन के सदस्य अनुज कुमार प्रवेश कुमार के साथ अन्य आने जाने वाले लोग मदद के लिए उपस्थित रहे।

# एक नज़र

## थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा, एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार




**लखीमपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 05.02.2024 को थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा वारंटी चरन सिंह उर्फ चुन्नू पुत्र स्व0 वचन सिंह निवासी ग्राम कडिया थाना तिकुनिया खीरी सम्बन्धित वाद सं0 15272/09 धारा 9/21/31/35(6)/52/51(1) ड्ढ.रुक्क.ष्ट्ज्ञ को ग्राम खैरटिया से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण करके अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया

**गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त**

चरन सिंह उर्फ चुन्नू पुत्र स्व0 वचन सिंह निवासी ग्राम कडिया थाना तिकुनिया खीरी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

उ0नि0 अभिषेक कुमार कोतवाली तिकुनियाँ
का0 पोरल बंसला कोतवाली तिकुनियाँ
का0 सोविन्द्र कुमार कोतवाली तिकुनियाँ।

## 33 केवी चठिया पावर हाउस में लगभग 36 घंटे गुल रही विद्युत सप्लाई

**टोडरपुर हरदोई।** विकासखंड टोडरपुर क्षेत्र के अंतर्गत चठिया पावर हाउस में 33 केवी वोल्टेज चलते लगभग 36 घंटो से विद्युत आपूर्ति ठप पडी है जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन समय पर लाइट नहीं आती है और जरा सी बारिश होने लगे तो बिजली आपूर्ति की कटौती होने लगती है आज तीन दिन बीत जाने के बाद भी उमरौली क्षेत्र में अभी तक विद्युत सप्लाई नहीं आई है सूत्रों द्वारा जानकारी करने पर चठिया पावर हाउस से लेकर आलमनगर के बीच में 33 केवी तारों की चपेट में पेड़ों की छटनी के चलते कहीं पर फाल्ट हो जाने से विद्युत आपूर्ति ठप रही जिसमें विद्युत आपूर्ति के जेई अभिषेक कुमार ने बताया कि हमारे यहां आधे में सप्लाई चल रही थी और अब कुछ ही गांव बचें है जिनका सुधार किया जा रहा है।

## युवक लापता घर वाले हुए परेशान

**हरदोई।** मनीष पुत्र आशाराम निवासी ग्राम खेरवा अमजतपुर थाना सांडी जिला हरदोई। मनीष की उम्र 12 वर्ष दिनांक 30/01/2024 को गांव के बाहर मैच देखने गया था। खेरवा अमरपुर निवासी मनीष घर से कई बार भाग चुका है । मनीष एक बार घर से भाग जाने पर 45 दिनों के बाद पंजाब में मिला था। कुछ दिनों तक घर में रहा उसके बाद 45 दिनों बाद फिर से भाग गया। खेरवा अमजतपुर गांव के लोगो ने होटल में काम करते देखा था। अभी 30/01/2024 को गांव के बाहर मैच खेल रहा था तब से घर वापस नहीं लौटा है। मनीष का पहनावा लोबर व सफेद रंग का जेकत पहने है। कद 4 फुट 6 इंच का है पैर में हल्की चप्पल पहेने हुए है। जिस किसी को इस लड़के की जानकारी मिले तो इस नंबर पर 9454403569 पर संपर्क कर दे। वादी का मोबाइल नंबर 9628766749पर संपर्क कर दे। घरवाले उसके बार-बार भाग जाने से परेशान है इसलिए अंदेशा लगाया जा रहा है युवक फिर से कहीं भाग गया है दिए गए नंबर पर परिवार वालों ने अपील करते हुए सूचना देने की गुजारिश की है।

## शिवम् अग्रवाल मेमोरियल डिग्री कॉलेज में वितरण किए गए स्मार्टफोन

**सीतापुर।** शिवम् अग्रवाल मेमोरियल डिग्री कॉलेज नानकारी मुबारकपुर सीतापुर में मुख्यमंत्री की योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत बी.ए. एवं बी.कॉम. के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जय नारायण तिवारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी महाविद्यालय के प्रबंधक मंजू जिंदल, अध्यक्ष मक्खनलाल जिंदल, प्रशासक दिव्या जिंदल, प्राचार्य दिलीप विश्वकर्मा, शिक्षक टीकेंद्र गुप्ता, मनीष मिश्रा, प्रियंका शर्मा, शिप्रा सिंह, अब्दुल शादमान, विशाल दीक्षित, समीर , रामचंद्र एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने रेल सलाहकार समिति सदस्य को सौंपा ज्ञापन

**संडीला(हरदोई)।** प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त भाजपा नगर अध्यक्ष एवं रेल मंत्रालय सलाहकार समिति के सदस्य को ज्ञापन देकर संडीला रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग की। संघ के ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार बाजपेयी, मंत्री शैलेन्द्र मौर्य, उपाध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल, नुरुल हसन, सत्येन्द्र वीर सिंह ने भाजपा नगर अध्यक्ष एवं रेल मंत्रालय समिति सदस्य रमन नीतीश जायसवाल से भेंट की तथा उन्हें ज्ञापन देकर पंजाब मेल, राजरानी एक्सप्रेस तथा किसान एक्सप्रेस को संडीला रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज कराने की मांग की।

# कटनी पुलिस ने क्रांबिग गस्त के दौरान वारंटियों को किया गिरफ्तार




**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन पर स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन मे, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखलेश दाहिया के द्वारा टीम बनाकर क्रांबिग गस्त के दौरान गिरफ्तारी वारट- 01 मुण्डा उर्फ बालमुकुन्द पिता राधे कोल उम्र 40 वर्ष निवासी डुगरिया - 02 सुरेश सिंह पिता मुन्ना सिंह ठाकुर उम्र 28 वर्ष निवासी सोमाकला बहोरीबंद। 03 सतीश पिता बुद्धूलाल पटेल म्र 20 वर्ष निवासी सोमाकला बहोरीबंद - 04 विजय पिता परसराम पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी सोमाकला बहोरीबंद- 05 महेन्द्र पिता पुरू,त्तम झारिया नि. कारीपाथर- 06 अजय पिता देवीसिंह भुमिया नि. खुड़ावल 07 चैन सिंह पिता देवीसिंह गौड़ नि खिरवा 08 गुलाब पिता टीकाराम चौधरी नि स्थायी वांरटी - 01 राममिलन पिता उदल चौधरी नि तेवरी 02 कृष्ण कुमार पिता गणेश प्रसाद शर्मा 03 विकाश पिता श्रीमान पटेल निवासी पटपरा सीधी को गिरफ्तार कर कटनी न्यायालय पेश किया गया। उल्लेखनीय भूमिका- गिरफ्तारी एवं स्थायी वारटियो को पकड़ने मे निरीक्षक अखलेश दाहिया ,उपनिरी संतराम यादव , सउनि बी एम चौधरी , सउनि केशव दुबे , सउनि सयैद जुबेर अली ,सउनि प्र0आर0 अंजनी मिश्रा, आशीष आर्मो .आर. रजनीश तेकाम, आर. अभिषेक सिंह, आर शेख यूसुफ .म.आर. नेहा भट्टा की सराहनीय भूमिका रही ।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत आशिक कालिक अनुदेशकों के नवीन विद्यालय के लिए अनुबंध

द अचीवर टाइम्स

महाराजगंज। नवीनीकरण राज्य परियोजना निर्देशक समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के कार्यालय पत्रांक मु0वि0/अंश0अनु0नवी/द्वितीय चरण/12911/2023-24 दिनांक 24-01-2024 के द्वारा शासनादेश संख्या 68-5099/84/2022-5 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 21-03-2023 में उल्लेखित उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों का एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा विकसित पोर्टल http//samagrashikshaup.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन नवीन विद्यालय के लिए अनुबंध नवीनीकरण तीन चरणों में किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके द्वितीय चरण में जनपद के भीतर ही



नवीन विद्यालयों के लिए अनुबंध नवीनीकरण के द्वितीय चरण में सबसे अधिक छात्र नामांकन वाले उत्तर प्रदेश प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों द्वारा सुरक्षा से संबंधित विषय में रिक्त पद के प्रति एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा विकसित पोर्टल http//samagrashikshaup.upsdc.gov.in ऑनलाइन आवेदन किया जाना है उक्त हेतु आवेदक द्वारा एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा विकसित पोर्टल http//samagrashikshaup.upsdc.gov.in पर अपलोड की गई सूचि के सापेक्ष सम्बन्धित विषय में ऑनलाइन आवेदन किया जाना आपेक्षित है। द्वितीय चरण में निम्नवत समय सारणी द्वारा सम्पादित की जानी है-

100 से अधिक छात्र नामांकन वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय जहां पूर्व से अंशकालिक अनुदेशक कार्यरत हो में जनपदवार एवं विद्यालय वार अंशकालिक अनुदेशकों की व्यक्तियों का ऑनलाइन प्रदर्शन 24 जनवरी 2024 से 6 फरवरी 2024 तक

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों द्वारा ऑनलाइन अधिमान क्रम में अधिकतम पांच विद्यालयों का विकल्प भारा जाना- 30 जनवरी 2024 से 6 फरवरी 2026 के शाम 6:00 बजे तक।

खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने विकास खंड से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों के विवरण को सत्यापित करते हुए अग्रसारित करना 7 फरवरी 2024 से 9 फरवरी 2024 की शाम 6:00 बजे तक

खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अग्रसित आवेदन पत्रों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापित करते हुए पोर्टल पर सबमिट करना 8 फरवरी 2024 से 12 फरवरी 2024 के शाम 6:00 बजे तक।


100 से अधिक छात्र नामांकन वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों के आवेदन पत्रों का भारांक के आधार पर नवीन विद्यालयों के लिए अनुबंध नवीनीकरण हेतु जनपद द्वारा अनुदेशकों की सूची का प्रकाशन 1 जून 2024 तक।

# दबंगों ने घर में घुसकर महिला को जमकर पीटा,छेड़छाड़ भी की,घायल पीड़िता ने एसपी हरदोई से की शिकायत

**❖ जनपद हरदोई के पाली थाना क्षेत्र के कनकापुर गांव के दबंग पुलिस अधीक्षक हरदोई के आदेशों की अवहेलना कर कई बार पीड़ित दम्पति की कर चुके पिटाई।**

**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**

**हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता महिला ने पुलिस अधीक्षक हरदोई को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि दिनांक 03. 2.2024 को समय करीब 2ः30 बजे समय को प्रार्थिनी अपने घर के बाहर बैठी थी तभी भी विपक्षीगण आजाद सिंह व अमन सिंह पुत्रगण छोटे सिंह पुरानी रंजिश को मानते हुए उसके घर के दरवाजे पर आए व गालियां देने लगे।जब उसने उन लोगों को गाली देने से मना किया तो वह लोग आमादा फौजदारी हो गए।जिससे घबराकर वह भागकर अपने घर में घुस गई।तभी उपरोक्त विपक्षीगढ़ प्रार्थिनी के घर में घुसकर गए और प्रार्थिनी बुरी नियत से पकड़ कर महिला के कपड़े फाड़ डालें और


सेवा में,
श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय,
जनपद हरदोई
प्रार्थना पत्र वास्ते दर्ज किये जाने रिपोर्ट
महोदय,
[illegible]
श्रीमती ऊषा सिंह पत्नी राजवीर सिंह
निवासी ग्राम कनकापुर [illegible] थाना पाली
जनपद हरदोई
मो0नं0 – 7985454928

छेड़खानी करने लगे प्रार्थिनी के विरोध करने पर प्रार्थिनी को गिराकर काफी लात घुसो व लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे महिला के शरीर पर अत्यधिक चोटे आने के कारण वह बेहोश हो गई।बेहोशी की अवस्था में उसे छोड़कर उपरोक्त विपक्षीगण जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता को होश आया तो पाली थाने गई और प्रार्थना पद दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और ना ही उसके शरीर पर आई चोटों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। तब होकर दिनांक 5.2.2013 को जिला चिकित्सालय हरदोई में मेडिकल कराकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले पर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर ने ली अनुभाग स्थल की समीक्षा बैठक



**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के ऑपरेशन मुस्कान के तहत स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर ने अनुभाग अंतर्गत अपराध समीक्षा बैठक ली, समीक्षा बैठक के दौरान समस्त अनुभाग अंतर्गत के उपस्थित अधिकारियों को आगामी चुनाव को मध्य नजर रखते हुए अपराधों को नियंत्रण और कानून व्यवस्था संबंधित निर्देश दिए, एसडीओपी अखिलेश गौर ने यह भी कहा कि जुआ, सट्टा, एवं अवैध शराब बिक्री पर शक्ति से कार्यवाही करें, साथ ही अवैध माइनिंग और ओवरलोडिंग वाहनों पर विशेष नजर रखते कड़ी कार्यवाही करें, अनुभाग अंतर्गत अपराध समीक्षा बैठक पर स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, उमरियापान थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय, ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद, सिलोड़ी चौकी प्रभारी सीताराम बागरी उपस्थित रहे।

# धार्मिक स्थानों को जाने वाली सड़कों के लिए 1750 करोड़, ओवरब्रिज के लिए 1000 करोड़

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने अपने बजट में उन मार्गो पर विशेष तौर पर फोकस किया है जो रास्ते धार्मिक स्थानों की ओर जाते हैं। यूपी सरकार ने अपने बजट में प्रदेश की सड़कों पर विशेष फोकस किया है। धर्माथ मार्गो के विकास के लिए 1750 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की गई है। राज्य की सड़कों की देखरेख के लिए 3000 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों की ओर जाने वाली सड़कों को फोर लेन करने के लिए 800 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की गई है। इस बजट में रेलवे के ओवरब्रिज के लिए 1350 करोड़ और ग्रामीण क्षेत्रों में सेतुओं के लिए 1500 करोड़ की व्यवस्था की गई है। शहर और कस्बों में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवर बनाए जाएंगे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

**संडीला(हरदोई)।** ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर एक 30 वर्षीय साइकिल सवार की दुखद मृत्यु हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम मढ़उवा निवासी 30 वर्षीय रंजीव पुत्र रामशंकर अपने घर से किसी काम के लिए गौसगंज बाज़ार आए थे। वापस लौटते समय जब वह गौसगंज पटरी पर जा रहे थे तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें ले जाकर सीएचसी बेंहदर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक मज़दूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# गरीब दलित युवक की हत्या के बाद कार्यवाही न करने पर नायक टाइगर फोर्स ने दिया ज्ञापन

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी छेत्र अंतर्गत ग्राम गोकन में। गरीब दलित युवक की हत्या के बाद कार्यवाही न करने पर नायक टाइगर फोर्स ने दिया ज्ञापन । ज्ञापन के माध्यम से उप जिला अधिकारी मोहम्मदी के समक्ष ज्ञापन दिया जिसमे मोहम्मदी थाना कोतवाली पुलिस की भारी लापरवाही को देखते हुए ग्राम पंचायत गोकन का है जहां पर 50 वर्षीय कमलेश को गांव के ही बिट्टू सिंह पुत्र बलवंत सिंह द्वारा 4 जनवरी 2024 को गोकुल गाना सेंटर से मोटरसाइकिल से लेकर गया था।जिसमें गांव के ही अजय कुमार ,कश्मीर , प्रताप एवं गांव के अन्य लोगों ने बिट्टू सिंह द्वारा मोटरसाइकिल पर कमलेश को ले जाते हुए देखा था। वहीं परिवार वालों का कहना है कि 4 जनवरी से लापता कमलेश को मोहम्मदी पुलिस ने अनदेखा व लापरवाही की है बार बार थाने के चक्कर काटने पर 16 दिन बाद अपहरण आईपीसी धारा 364 में



दिनांक 20/01/2024 को एफआईआर दर्ज की जिसमे तुरन्त दोषी बिट्टू पर कोई दबाव या पूछताछ नही की । दबंग किस्म के बिट्टू के भाई ने गरीब पीड़ित पक्ष को जान सें मरने व जाति सूचक गली गलौज किया जिसक आईएफआर एससी/एसटी एक्ट दर्ज किया गया । उसके बाद लगभग 24 दिन बीत जाने के बाद मृतक कमलेश का शव फरेंदा गांव में एक तालाब में पाया गया था । जिसका पुलिस द्वारा पोस्माटम कराया गया परिजनों का कहना है कि बिट्टू सिंह बहुत ही पैसा बाला पंजाबी जाति का है जो संबंधितों द्वारा इस मामले में मोटा खर्च करके मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। वहीं पीड़ित व ग्राम पंचायत वासियों ने नायक टाइगर फोर्स संघ को सूचना दी और पूरा प्रकरण बताया वही नायक टाइगर फोर्स की टीम ने तत्कालीन मामले को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित पक्ष से मुलाकात करते हुए कि उचित कार्रवाई कराने हेतु आश्वासन दिया । नायक टाइगर फोर्स में गांव एवं क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क किया और पूरे मामले का जांच पड़ताल की उसके बाद आज दिनांक 05 जनवरी 2024 को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सूचना पत्र ज्ञापन के माध्यम से उप जिलाधिकारी मोहम्मदी को ज्ञापन सौंपा तमाम क्षेत्र वासियों व पीड़ित पक्ष के आधार पर मोहम्मदी कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही से असन्तुष्ट है वहीं नायक टाइगर फोर्स ने पुनः उच्च स्तर की टीम द्वारा जांच की मांग की है जिससे गरीब परिवार को न्याय मिल पाए । और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए जिससे और भी दोषियों को सीख मिलते हुए अपराध पर पूर्ण तरीक़े से नियंत्रण में लाया जाए । ओपन में मौजूद पदाधिकारी संजीत कुमार आजाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ,शक्ति कनौजिया राष्ट्रीय सचिव, मनोज कुमार प्रभारी ,मासूक जिला अध्यक्ष ,महबूब अली जिला मंत्री, कुलदीप जिला प्रभारी, सहीम अली तहसील अध्यक्ष ,सौरभ कुमार जिला मीडिया प्रभारी ,आदिल कुमार जिला सचिव, गुल मोहम्मद जिला उपाध्यक्ष ,मनोज कुमार ,सदस्य ,श्याम बाबू, बृजेश, कौशल ,राजेश, वेदपाल ,लक्ष्मण, हंसराज ,रामू ,दीपू ,श्रीपाल ,मनोज आदि पदाधिकरी मौजूद रहे।

# ऊंझा का उमिया माता मंदिर ए श्रेणी तीर्थ स्थल घोषित 1868 साल पुराना है माता का मंदिर, हर साल 75 लाख दर्शनार्थी आते हैं यहां

संवाददाता

**गुजरात।** उमिया माता मंदिर राज्य का छठा 'ए' श्रेणी तीर्थ स्थल बन गया है। गुजरात के ऊंझा स्थित समस्त कड़वा पाटीदारों की कुल देवी उमिया माताजी के मंदिर को राज्य सरकार ने राज्य के 'ए' श्रेणी के तीर्थ स्थल में शामिल किया है। राज्य के चोटिला, जगन्नाथ मंदिर अहमदाबाद, तरणेतर, वडताल स्वामीनारायण मंदिर और खोडलधाम कागवाड के बाद यह राज्य का छठा 'ए' श्रेणी तीर्थ स्थल बन गया है। उंझा उमिया माता संस्थान के मंत्री दिलीपभाई ने बतायाकि उत्तर गुजरात के उंझा में मां उमिया का पौराणिक मंदिर करीब 1868 साल पहले का है। मां उमिया के प्रति लोगों की श्रद्धा कई गुना बढ़ गई है। हर साल सभी जाति-वर्ग के 75 लाख से अधिक श्रद्धालु मां उमिया के दर्शन के लिए आते हैं। यहां आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था की जाती है। उंझा में मां उमिया का पौराणिक मंदिर करीब 1868 साल







पहले का है। साथ ही प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में चिकित्सा सहायता, शैक्षिक सहायता, विधवा बहनों को वित्तीय सहायता, विकलांगों के लिए ट्राइसाइकिल सहायता जैसे सामाजिक उत्थान के कार्य भी संगठन द्वारा वर्षों से किए जा रहे हैं। इसके अलावा हर साल विभिन्न धार्मिककार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस पर ध्यान देते हुए गुजरात सरकार ने उमिया माता मंदिर, उंझा को 'बी' श्रेणी से 'ए' श्रेणी के तीर्थ स्थल में शामिल कर दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। दिलीपभाई ने बताया कि 'ए' श्रेणी तीर्थयात्रा में शामिल होने से सरकारी अनुदान मिलेगा, इसके अलावा विकास प्रोजेक्टों में प्राथमिकता मिलती है। इस श्रेणी में वे तीर्थ स्थल आते हैं, जहां सालाना 50 लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं और जिनके पास आवास और भोजन की पर्याप्त सुविधाएं हैं। तीर्थ स्थल की श्रेणी का क्या मतलब है? निजी ट्रस्ट द्वारा संचालित मंदिर के ऐतिहासिक औरधार्मिक महत्व के अलावा हर साल दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या, धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ संस्था द्वारा संचालित सामाजिक गतिविधियां और धार्मिक संप्रदायों की व्यापकता को ध्यान में ए, बी और बी श्रेणी वर्ग में मंदिर को शामिल किया जाता है। 'ए' श्रेणी में किसे शामिल किया जाता है? ऐसे तीर्थ स्थल जहां प्रतिवर्ष 50 लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं और जिनके पास आवास और भोजन की पर्याप्त सुविधाएं हैं, ऐसे मंदिर इस श्रेणी में शामिल हैं। घोटिला, जगन्नाथ मंदिर अहमदाबाद, तरणेतर, बडताल स्वामीनारायण मंदिर और खोडलधाम कागवाड भी इस श्रेणी में आते सोमनाथ-द्वारका मंदिर किस श्रेणी में हैं?सोमनाथ, द्वारका, पावागढ़, अम्बाजी, डाकोर सहित तीर्थस्थल नोटिफाइड हैं यानी सरकार के स्वामित्व में हैं। इसकी कोई श्रेणी नहीं है. लेकिन निजी ट्रस्टों द्वारा संचालित मंदिरों के विकास के लिए सरकार द्वारा एक वर्गीकरण किया जाता है। तीर्थ स्थान को वर्गीकृत करने का फायदा 'ए' श्रेणी के तीर्थस्थलों को विकास कार्यों के लिए सरकार द्वारा प्रति वर्ष 2 करोड़ रुपए तक का अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार 'बी' श्रेणी के तीर्थस्थलों को 1 करोड़ रुपए तक और श्रेणी 'सी' श्रेणी तीर्थ स्थलों को 50 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाता है। जिसका उपयोग विकास कार्यों पर करना होता है।इससे तीर्थ स्थलों को क्या फायदा? निजी ट्रस्ट द्वारा संचालित तीर्थ स्थलों को अनुदान देकर तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सृजित की जाती हैं। इससे तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। साथ ही स्थानीय व्यवसायों के साथ परिवहन, उनके निवेश आदि से स्थानीय व्यापार धंधे को बढ़ावा मिलेगा। (आरआर रावल, सचिव, पवित्र यात्राधाम विकास बोर्ड से बातचीत के अनुसार)

## महिला को तंग करने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**हमीरपुर।** शोहदे की हरकतों से तंग आकर यमुना नदी में छलांग लगाने वाली महिला की तहरीर पर दर्ज हुए मुकदमे के आरोपी को पुलिस ने पूछताछ के बाद रविवार को न्यायालय भेजा। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कस्बा सुमेरपुर के एक मोहल्ला निवासी महिला शोहदे की हरकतों से तंग आकर बीते बुधवार को मुख्यालय की यमुना ब्रिज से यमुना नदी में कूद गई थी। जिसको मछुआरों ने बचाया था। महिला ने थाना पुलिस पर शोहदे के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पड़ोसी मोनू उर्फ मुकेश कुमार वर्मा के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा कायम करके हिरासत में लिया था। पूंछतांछ के बाद रविवार को आरोपी को पुलिस ने अदालत भेजा। जहां से उसको जेल भेजा गया है।

## बाजार की निर्माणाधीन सड़क के दोनों तरफ की आवागमन बाधित राहगीरों का निकलना दुभर



संवाददाता

**कालपी(जालौन)।** स्थानीय नगर के मुख्य बाजार में पौने चार करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सीसी सड़क में कार्यदायी संस्था तथा इंजीनियरों के मनमाने रवैये के कारण राहगीरों, दुकानदारों तथा वाहन चालकों को निकालना दूभर हो गया है। सड़क किनारे साइड से आवागमन को लेकर विधायक विनोद चतुर्वेदी ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को समस्या के निदान करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय की निगरानी में एम.एस अग्रवाल कंपनी के द्वारा पौने दो किमी. लंबी सड़क नगर के मुख्य बाजार के बीचोबीच बनाई जा रही है। सीसी सड़क के निर्माण की वजह से छोटे तथा बड़े वाहनों का निकलना पूर्णता बंद हो गया है। निर्माणाधीन सड़क के दोनों तरफ डेढ़ दो मीटर चौड़ी जगह को भी ठेकेदार ने साफ नहीं करवाया। जिससे पैदल तथा दो पहिया वाहन चालक भी नहीं निकल पा रहे हैं। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने सहायक अभियंता को इस समस्या को समाधान करने के निर्देश दिए हैं। विधायक प्रतिनिधि मनोज चतुर्वेदी, सपा नेता शिवम यादव आदि ने स्थानीय स्थलीय निरीक्षण करके ठेकेदार कंपनी के कर्मचारियों से मामले को निदान करने का आग्रह किया है।

# एक नज़र

## सोशल मीडिया में वायरल हुआ कार की डिक्की खोलकर बच्चे घुमाने का वीडियो



**हमीरपुर।** सोशल मीडिया में वायरल हुए एक वीडियो ने ट्रैफिक नियमों को तार-तार कर दिया। इस वायरल वीडियो में कार की डिक्की खुली हुई है और बच्चे बाहर की तरफ पैर लटकाकर बैठे हैं। वीडियो मुख्यालय का है। जिसकी जांच में पुलिस टीमें लगी हुई हैं। वायरल वीडियो में कार चालक बीच शहर के अंदर डिक्की में दो बच्चों को बैठाकर घूमता नजर आ रहा है। इतना ही नहीं यह कार शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में घूमती नजर आ रही है। ऐसे में अगर कार चालक को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। डिक्की में बैठे बच्चे बाहर की तरफ पैर लटकाकर बैठे हैं। साथ ही गाड़ी के अंदर कुछ अन्य लोग भी सवार हैं। गाड़ी की रफ्तार भी ठीकठाक है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम किए जाने और तमाम सख्ती के बावजूद लोग अपनी जान जोखिम में डालकर मौत का सफर करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बच्चों का डिक्की में बैठकर सफर करने का यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

## कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने श्रोताओं को सुनाया शुकदेव प्रसंग



**हमीरपुर।** मुख्यालय के नर्वदेश्वर मंदिर में चल रही कथा के दूसरे दिन हरिद्वार ऋषिकेश से आए कथा व्यास मुकेश मोहन ने शुकदेव जी के प्रसंग का वर्णन सुनाया। कथा का श्रवण कराते हुए उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण भगवान ने शुकदेव महाराज को धरती पर भागवत कथा का गायन करने के लिए भेजा था। ताकि कलयुग में लोगो का कल्याण हो सके। उन्होंने कहा की मनुष्य को अपने जीवन का कल्याण करने के लिए भगवान की कथा और सिमरन के लिए थोड़ा समय जरूर निकालना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने भजनों के माध्यम से उपस्थित लोगों को ओतप्रोत भी किया। इस मौके पर मनोज तिवारी, शिवाकांत तिवारी, शशिकांत तिवारी, विनोद तिवारी, अजय अवस्थी (सब्बल महाराज), अभिषेक, सर्वेश, पीयूष शुक्ला, राम जी, दीपक, शुभम शुक्ला, विमल तिवारी, मोहित तिवारी, विकास गुप्ता, अनुराग दीक्षित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## थाना सहसवावन पुलिस द्वारा 03 कि0ग्रा0 डोडा छिलका के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया



**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के आदेशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत राम मोहन सिंह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशानुसार तथा क्षेत्राधिकारी सहसवान के पर्यवेक्षण में दिनांक 02/02/2023 को थाना सहसवान पुलिस द्वारा ग्राम टेढा घाट पुल के पास से समय करीब 21.30 बजे मुखविर की सूचना पर अभियुक मुसरत पुत्र मस्सू निवासी ग्राम भवानीपुर खल्ली थाना सहसवान जनपद बदायूँ को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कुल 03 कि ग्रा डोडा छिलका बरामद किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सहसवान पर मु0अ0सं0 62/24 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को संबंधित मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया। **गिरफ्तारी का स्थान दिनाँक व समय**–ग्राम टेढा घाट पुल के पास दिनाँक 02/02/2024 समय करीब 21.30 बजे। **गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**–1. मुसरत पुत्र मस्सू निवासी ग्राम भवानीपुर खल्ली थाना सहसवान बदायूँ। **बरामदगी का विवरण**– 3 किग्रा डोडा छिलका । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**– 1. उ0नि0 रजनीश कुमार थाना सहसवान जनपद बदायूं। 2. कां0 487 सुमित कुमार थाना सहसवान जनपद बदायूं तथा 3. कां0 1455 राहुल कुमार थाना सहसवान जनपद बदायूं।

## नवांगतुक कोतवाली एट मै थाना अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने किया कारभार ग्रहण

**एट / जालौन।** थाना कोतवाली एट का चार्ज संभालते ही थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने थाना परिवार के साथ बैठक कर परिचय लेते हुए अधीनस्थ स्टाफ की जानकारी ली साथ ही लंबित विवेशनाओं सहित अन्य दस्तावेज पर नजर डाली एवं लापरवाही बर्दाश्त न करने की हिदायत देते हुए आवश्यक निर्देश दिए स्टाफ के साथ नगर क्षेत्र में भ्रमण किया गया साथ ही कहा गया कि अपराध एवं अपराधियों लगाम लगाकर उन्हें सलाखों के पीछे भेजना ही उनका लक्ष्य है पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा द्वारा कई थानों के अधीनस्थों मैं फेर बदल करने के सिलसिले में आज एट थाना का चार्ज नवागंतुक थाना अध्यक्ष अजय कुमार सिंह द्वारा ग्रहण किया गया जिन्होंने चार्ज लेते ही स्टाफ के साथ मीटिंग लेते हुए अपराधियों की धर पकड़ अभियान पर जोर दिया।

# आज होगा बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का शुभारंभ एयर बैलून से आसमान में उड़ेंगें लोग

संवाददाता



**हमीरपुर।** सोमवार से शुरू होने वाली बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को एयर बैलून उड़ाकर टेस्टिंग भी की गई और यमुना में स्टीमर व नावें भी उतार दी गई हैं। इस दो दिवसीय महोत्सव में लोग जमकर लुफ्त उठाएंगें। इस महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। सोमवार को मुख्यालय स्थित कल्पवृक्ष से कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। यहां सबसे पहले योगा होगा। इसके बाद साढ़े सात बजे से स्टेडियम से हाट एयर बैलून उड़ाकर लोगों को आसमान की सैर कराई जाएगी। सुबह 11 से दो बजे के बीच यमुना और बेतवा संगम पर पेंटिंग, रंगोली और पतंगबाजी की प्रतियोगिता होगी। स्टेडियम में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। यमुना पुल से कल्पवृक्ष तक वाटर स्पोर्ट्स का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लोग नौका विहार का आनंद ले सकेंगे। शाम को परेड मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमें लोकनृत्य के साथ दिल्ली से आने वाले सुधीर यदुवंशी धमाल मचाएंगे। महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व रविवार की सुबह स्टेडियम से हाट एयर बैलून उड़ाकर टेस्टिंग की गई। इस बैलून में चेयरमैन कुलदीप निषाद के साथ अपर जिलाधिकारी नागेंद्रनाथ व अन्य लोग सवार हुए। जो काफी ऊंचाई से उड़ा और थाना सजेती के असवारमऊ गांव पहुंचा। जहां पर इसे उतारा गया। बैलून को आसमान में उड़ता देख लोगों ने अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए।

## लड़की ने शादी को लेकर अपने माता पिता पर लगाया गमभीर आरोप

**सहसवान।** आपको बता दें कि पूरा मामला जिला बदायूं थाना सहसवान छेत्र के ग्राम परसोना का है जहां पर लड़की जिसका नाम गंगा पुत्री सतीश ग्राम परोसना सहसबान की शादी / लडका सचिन पुत्र रामबाबू ग्राम परसोना सहसवान से शादी होनी थी दोनो पक्ष कै लोगों ने अपनी जाती की रसमो रिवाज कै साथ शादी होना तय हुई थी जिसमे लड़की के पिता ने लड़के के पिता से एक लाख रुपए ले लिए थे और अब अपनी लड़की गंगा की शादी दूसरी जगह से तय करदी और लड़की। को लेकर घर से बाहर चले गए जिसकी बारात 04/02/2024 को ग्राम पतरा थाना चंदौसी जिला संभल से बुला रहे है इस बात को सुन करघबरा गय ओर रामबाबू पुत्र रामौतार ने जिसकी शिकायत सहसवान थाना में दर्ज कराई है लड़की गंगा भी सचिन पुत्र रामबाबू के। साथ अपनी शादी करना चाहती है वह उस से पियार करती हे जिसका बीडीयु मोजुद हैं।

## उझानी पुलिस ने कच्ची शराब व तमंचे में तीन अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेजा



संवाददाता

**उझानी।** कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग जगह से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है और एक से शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात गस्त के दौरान कोतवाली पुलिस ने प्रमिला नगर निवासी महाराज सिंह पुत्र कमल सिंह को शराब बनाते हुए उसके घर से गिरफ्तार करके शराब बनाने के सारे उपकरण जप्त कर लिए और मौके से 20 लीटर शराब भी बरामद हुई, नगर के ही मोहल्ला पठान टोला निवासी सोहेल पुत्र नेपाली पुत्र इशरत को को 32 बोर के तमंचा और कारतूस सहित मोहल्ला बहादुरगंज स्थित काशीराम आवास के पास से गिरफ्तार किया, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अल्लापुर चमारी निवासी लालाराम का पुत्र पंजाबी बदायूं वाले रशीद के बगिया के पास घूम रहा था जब उसे पड़कर पूछताछ की तो उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस पकड़ा गया तीनों व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश से क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसमें जो भी पकड़ा जाएगा उसके साथ कोई रिहायत नहीं बरती जाएगी आगे भी यह बयान जारी रहेगा !

# महिधरपुरा की सोलर कंपनी के महाप्रबंधक द्वारा ओवर बिलिंग कर लाखों की धोखाधड़ी

संवाददाता




**गुजरात।** ओवर-बिलिंग से इनकार करने पर ठेके और टेंडर रद्द करने की धमकी दी गई शुरुआत में रु. 5.73 लाख की धोखाधड़ी की शिकायत, 100 से ज्यादा वेंडरों पर ओवर बिलिंग का शक सूरत महिधरपुरा के इनफिनिटी टावर स्थित गोल्डी सोलर प्रा. लिमिटेड और गोल्डी सन प्रा. लिमिटेड महिधरपुरा थाने में शिकायत दर्ज है कि कंपनी के जनरल मैनेजर ने ओवर बिलिंग के जरिए कंपनी को लाखों रुपए का चूना लगाया है। गोल्डी सोलर प्राइवेट लिमिटेड की सूरत जिले के पिपोदरा और नवसारी में सौर पैनल विनिर्माण इकाइयाँ हैं। लिमिटेड और गोल्डी सन प्रा. लिमिटेड नामित कंपनी का मुख्य कार्यालय महिधापुरा में इन्फिनिटी टॉवर की 10वीं मंजिल पर स्थित है। जिसमेंरजत रमेशचंद्र गुप्ता (निवासी मोनार्क रेजीडेंसी, गौरव पथ, पाल और मूल) द्वारा वर्ष 2020 से महाप्रबंधक रहते हुए ओवर बिलिंग के जरिए लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला पुलिस तक पहुंच गया है। तीन दिन पहले कंपनी के विक्रेता राधा कृष्ण ग्रुप के मालिक अशोक थुम्मर ने सोलर कंपनी (निवास 28, श्रीजी नगर-1, दाभोली चार रास्ता, सूरत) के सहायक प्रबंधक सोल्विन दिनेश गोटी को सूचना दी कि आपकी कंपनी को विज्ञापन सामान का ठेका दिया गया था। महाप्रबंधक रजत द्वारा ओवर बिलिंग की गई हैकरने को कहा है और ऐसा न करने पर ठेका और टेंडर रद्द करने की धमकी दी है। हाल ही में रुपये की बिलिंग हुई। उसे 50 हजार रुपये दिये भी जा चुके हैं और अब तक रुपये भी दिये जा चुके हैं। 2.75 लाख का भुगतान किया जा चुका है. जिससे इसकी जानकारी हो गई। रजत गुप्ता ने मैनेजर सोल्वी की रिपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर खुशी एडवरटाइजिंग आइडिया प्राइवेट लिमिटेड से करने के साथ ही जांच की। लिमिटेड रुपये से. 2.28 लाख, मोशन वर्क्स प्रिंटिंग सॉल्यूशंसकंपनी की ओर से रु. 70 हजार मिले। साथ ही, चूंकि कंपनी ने रजत गुप्ता के स्वामित्व वाले 100 से अधिक विक्रेताओं के साथ काम किया है, इसलिए उसने ओवर-बिलिंग से लाभ उठाने की आशंका के साथ महिधरपुरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# नवांगतुक थाना अध्यक्ष ने संभाला चार्ज दिए आवश्यक निर्देश- विजय पांडेय

संवाददाता



**कदौरा/ जालौन।** थाना कदौरा का चार्ज संभालते ही एसओ विजय पांडेय द्वारा स्टाफ के साथ बैठक कर परिचय लेते हुए अधीनस्थ स्टाफ की जानकारी ली गई है साथ ही लंबित विवेशनाओं सहित अन्य दस्तावेज पर नजर डाली गई एवं लापरवाही बर्दाश्त न करने की हिदायत देते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। स्टाफ के साथ नगर क्षेत्र में भ्रमण किया गया साथी कहा गया कि अपराधियों में लगाम लगाकर उन्हें सलाखों के पीछे भेजना ही उनका लक्ष्य है पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा द्वारा कई थानों के अधीनस्थों मैं फिर बदल करने के सिलसिले में कदौरा थाना का चार्ज नवागंतुक एसओ विजय पांडेय द्वारा ग्रहण किया गया जिन्होंने चार्ज लेते ही स्टाफ के साथ मीटिंग लेते हुए अपराधियों की धर पकड़ अभियान पर जोड़ दिया गया साथ कार्यालय के दस्तावेज चेक किए गए लंबित विवेचनाओं के बारे में भी पूछताछ करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए प्रभारी थाना अध्यक्ष ने बताया गया है कि एसपी के निर्देश अनुसार क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दृष्टि से अभियान जारी रहेगा जिसमें क्षेत्र किसी भी अपराधी व अराजक तत्वों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा एवं स्टाफ को भी सख्त निर्देश दिए गए कि अपने-अपने हल्का बीट में निगरानी बनाए रखें जिसमें कि अपराधियों पर लगाम कसी जा सकेप्रेत वार्ता में कहा गया है कि क्षेत्र में जो भी आपराधिक गतिविधियों में लिफ्ट पाया गया उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी इसके लिए जांच पड़ताल जारी है एवं उन्होंने कहा है कि फरियादी अपनी समस्या सीधे थाने में आकर कहें क्षेत्र में किसी प्रकार की शांति भंग ना होने दें नगर व ग्रामीण जल में यदि कहीं कोई अपराध वअवैध कार्य की जानकारी हो तो जनता सीधे सीयूजी नंबर पर गुप्त सूचना दें सूचना करता का नाम गुप्त रखा जाएगा बैठक के उपरांत एसओ द्वारा नगर में पैदल मार्च का क्षेत्र में गश्त किया गया मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहे

# सूरत के कुछ फूड कोर्ट में सड़क पर पार्किंग की समस्या, पार्किंग स्थल में प्ले जोन बनाना

संवाददाता



**सूरत।** नगर पालिकाओं ने कुछ शून्य दबाव वाली सड़कों से दबाव हटाकर समस्या को कम कर दिया, लेकिन फूड कोर्ट में पार्किंग की समस्या है। बिजनेस फूड कोर्ट संचालकों ने 50 प्रतिशत पार्किंग नियमों में ढील दी फूड कोर्ट के आसपास बेतरतीब पार्किंग के कारण फूड कोर्ट आसपास के लोगों के लिए एक आपदा बन रहा है।भाजपा नेता के समर्थन से चल रहे फूड कोर्ट में पार्किंग की बजाय प्ले जोन से सार्वजनिक सड़क पर अंधाधुंध पार्किंग की समस्या विकराल हो गई है। सूरत नगर पालिका क्षेत्र में पिछले कुछ समय से एक ही प्लॉट में सभी खाद्य पदार्थों के स्टॉल बनाकर फूड कोर्ट का नया चलन शुरू हुआ है। खाने-पीने के शौकीन सूरतियों के लिए यह चलन वरदान है, वहीं दूसरी ओर फूड कोर्ट प्रबंधक व्यावसायिक रवैया अपनाते हैं और पार्किंग में प्ले जोन बनाकर कई नियमों का उल्लंघन करते हैं। नगर पालिका के रांदेर जोन में एक भाजपा नेता के समर्थन से चल रहा हैचूँकि फ़ूड कोर्ट के पार्किंग स्थल में एक खेल क्षेत्र है, लोग अपने वाहनों को सड़क पर बेतरतीब ढंग से पार्क करते हैं, जिससे यातायात की समस्या होती है और फ़ूड कोर्ट आसपास के निवासियों के लिए एक आपदा बन जाता है। सूरत नगर पालिका क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा फूड कोर्ट के लिए जगह भी आवंटित की जाती है, लेकिन पार्किंग के लिए 50 प्रतिशत जगह आरक्षित रखी जाती है। इसी तरह, शहर में कई निजी फूड कोर्ट हैं चूँकि फ़ूड कोर्ट की पार्किंग में खेल का मैदान है, लोग अपने वाहन सड़क पर बेतरतीब ढंग से पार्क कर देते हैं, जिससे यातायात की समस्या होती है और फ़ूड कोर्ट आसपास के निवासियों के लिए एक आपदा बन जाता है। सूरत नगर निगम क्षेत्र में नगर पालिका फूड कोर्ट के लिए भी जगह आवंटित करती है, लेकिन 50 प्रतिशत जगह पार्किंग के लिए आरक्षित होती है। इसी तरह, शहर में कई निजी फूड कोर्ट हैंसूरत नगर पालिका ने पाल आरटीओ के बाहर से खाद्य और पेय पदार्थों की लॉरियों को सख्ती से रोककर शून्य दबाव मार्ग लागू किया है, जिससे क्षेत्र में यातायात की समस्या हल हो गई है। हालाँकि, इस जगह पर खड़ी लॉरियाँ या वाहन आसपास के इलाके की सड़कों और अन्य सड़कों पर दबाव डाल रहे हैं, क्योंकि यह दबाव आवासीय क्षेत्र में है, जिससे स्थानीय लोगों की हालत खराब हो रही है।पाल उमरा ब्रिज से पाल गांव तक जाने वाली सड़क वर्षों से दबाव मुक्त थी, लेकिन इनमें से कुछ लॉरी-वाहनों ने सड़क पर दबाव डालना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद नगर पालिका ने इस दबाव को हटा दिया और वे इस सड़क पर गैलेक्सी सर्कल के पास एक भाजपा नेता द्वारा संचालित फूड कोर्ट में कई स्टालों पर खड़े हैं। शुरुआत में इस जगह पर 50 फीसदी पार्किंग की जगह छोड़ी गई थी। लेकिन सड़क पर दबाव हटाने के लिए नगर पालिका की कड़ी मेहनत के कारण इस स्थान पर स्टॉल हाउस फुल हो गए। इसके बाद फूड स्टॉल प्रबंधकों को 50 रु. का भत्ता दिया जाएगा100त्न जगह के आधे हिस्से पर एक प्ले जोन बनाया गया है और छोटे-छोटे गेम और जंपिंग सहित अन्य गेम्स की व्यवस्था की गई है। इस स्थिति के कारण, फूड कोर्ट में आने वाले लोग अब सार्वजनिक सड़क पर अंधाधुंध पार्किंग कर रहे हैं। इस फूड कोर्ट के आसपास रिहायशी इलाका है इसलिए कई बार इनके गेट के पास भी पार्किंग होती हैं। सप्ताहांत के दौरान इस सड़क पर बेतरतीब पार्किंग के कारण दुर्घटनाओं का भी डर रहता है। इसी तरह, राजनीतिक रसूख वाले फूड कोर्ट द्वारा अवैध स्टॉल स्थापित करने या पार्किंग स्थानों को कवर करने जैसे कदाचार किए जाते हैं। लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण नगर पालिका ऐसे पार्किंग स्थल नहीं खोल पा रही है और इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# नए पचड़े में फंस सकते हैं तेजस्वी सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं

संवाददाता





**दिल्ली/पटना।** गुजराती रिमार्क्स मामले में तेजस्वी यादव को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। अहमदाबाद की एक अदालत में लंबित आपराधिक मानहानि के मामले को राज्य के बाहर किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की याचिका पर आदेश सुरक्षित है। तेजस्वी ने कथित तौर पर केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं टिप्पणी की थी, जिसको लेकर वो आपराधिक मानहानि के मामले का सामना कर रहे हैं। इस मामले को उन्होंने विशेष रूप से दिल्ली में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं वाली टप्पणी मामले में तेजस्वी यादव को राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री के खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि की कार्यवाही को रद्द करने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने राजद नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की इस दलील पर ध्यान दिया कि तेजस्वी यादव ने बिना शर्त अपनी टिप्पणी वापस लेते हुए एक %विशिष्ट% हलफनामा दायर किया है। शिकायतकर्ता हरेश मेहता की ओर से पेश वकील ने कहा कि आपका %आधिपत्य विशिष्ट तथ्यों% और परिस्थितियों में पार्टियों के बीच सहमति के बिना कार्यवाही को रद्द कर सकता है। इस पर पीठ ने कहा कि आदेश सुरक्षित है, हम एक विस्तृत आदेश पारित करेंगे। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया था कि वो संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए अहमदाबाद में एक मजिस्ट्रेट की अदालत के सामने तेजस्वी यादव के खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि के मुकदमे को रद्द कर देगी। तेजस्वी यादव की पिछले साल मार्च में पटना में की गई कथित टिप्पणी से शिकायत जुड़ी है। आरोप है कि तेजस्वी यादव ने कहा था कि %आज के समय में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उन्हें इसके लिए माफ भी किया जाएगा। अपनी शिकायत में, सामाजिक कार्यकर्ता और अखिल भारतीय भ्रष्टाचार विरोधी और अपराध निवारक परिषद नाम के संगठन के उपाध्यक्ष हरेश मेहता ने आरोप लगाया कि ये टिप्पणियां गुजरातियों को सार्वजनिक रूप से बदनाम और अपमानित करती हैं।

## असुरक्षित भवन के गिरने का बना है खतरा

# चौथे दिन भी फैक्टरी के भीतर नहीं जा पाई बचाव टीम

एजेंसी

**सोलन/बरोटीवाला।** सोलन जिले के झाड़माजरी में परफ्यूम बनाने वाली फैक्टरी में अग्निकांड के चौथे दिन भी लापता हुए पांच कामगारों की तलाश नहीं हो पाई है।

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के झाड़माजरी में परफ्यूम बनाने वाली फैक्टरी में अग्निकांड के चौथे दिन भी लापता हुए पांच कामगारों की तलाश नहीं हो पाई है। फैक्टरी भवन आग के कारण पूरी तरह से असुरक्षित हो चुका है और चौथी मंजिल बीच से दब गई है। भवन के गिरने का खतरा बना है। इसके चलते एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम भवन की चौथी मंजिल में सर्च अभियान नहीं चला पा रही है। अभी टीम के पास ऐसी कोई भी तकनीक नहीं है कि अनसेफ घोषित भवन के अंदर जा सके। केवल हाइड्रा से ट्राली में बैठकर ही सर्च अभियान चलाया जा सकता है, मगर चौथी मंजिल तक हाइड्रा की मदद से भी नहीं पहुंच पा रहे। सोमवार को हाइड्रा की मदद से कुछ देर तक सर्च अभियान चलाया गया, मगर अंदर कोई नहीं जा पाया। बाद में तलाशी अभियान बंद कर दिया। आशंका है कि लापता पांचों कामगार चौथी मंजिल में ही हो सकते हैं। अग्निकांड के बाद से रेस्क्यू टीम हाइड्रा की मदद से अभियान चलाए हैं। तीन फ्लोर तक हाइड्रा से ट्राली में बैठकर टीम पहुंची। कुछ दूरी तक एनडीआरएफ के जवान भीतर भी गए थे, मगर पूरी तरह से अंदर जाने की किसी की हिम्मत नहीं नहीं हुई। इधर, जो कामगार लापता हैं, उनके परिजन फैक्टरी के गेट के बाहर बैठे



हैं। अभी तक तीन फ्लोर में सर्च अभियान चलाया गया है। यहां पर चार शव मिले हैं। चौथे फ्लोर में नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि भवन असुरक्षित घोषित कर दिया गया है और चौथी मंजिल बीच में नीचे बैठ गई है और गिरने का खतरा बना है। ऐसे भवन में जाने के लिए कोई तकनीक नहीं है।

**– नफीस खान, मुख्य निरीक्षक एनडीआरएफ**

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के झाड़माजरी में परफ्यूम बनाने वाली फैक्टरी में अग्निकांड के चौथे दिन भी लापता हुए पांच कामगारों की तलाश नहीं हो पाई है। फैक्टरी भवन आग के कारण पूरी तरह से असुरक्षित हो चुका है और चौथी मंजिल बीच से दब गई है। भवन के गिरने का खतरा बना है। इसके चलते एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम भवन की चौथी मंजिल में सर्च अभियान नहीं चला पा रही है। अभी टीम के पास ऐसी कोई भी तकनीक नहीं है कि अनसेफ घोषित भवन के अंदर जा सके। केवल हाइड्रा से ट्राली में बैठकर ही सर्च अभियान चलाया जा सकता है, मगर चौथी मंजिल तक हाइड्रा की मदद से भी नहीं पहुंच पा रहे। सोमवार को हाइड्रा की मदद से कुछ देर तक सर्च अभियान चलाया गया, मगर अंदर कोई नहीं जा पाया। बाद में तलाशी अभियान बंद कर दिया। आशंका है कि लापता पांचों कामगार चौथी मंजिल में ही हो सकते हैं। अग्निकांड के बाद से रेस्क्यू टीम हाइड्रा की मदद से अभियान चलाए हैं। तीन फ्लोर तक हाइड्रा से ट्राली में बैठकर टीम पहुंची। कुछ दूरी तक एनडीआरएफ के जवान भीतर भी गए थे, मगर पूरी तरह से अंदर जाने की किसी की हिम्मत नहीं नहीं हुई। इधर, जो कामगार लापता हैं, उनके परिजन फैक्टरी के गेट के बाहर बैठे हैं।

## एक नज़र

### ट्रेन के हमसफर ने कंपनी में पद दिया, आधार में पति बना बिहार से नेपाल तक बनाए शारीरिक संबंध




**पटना।** परिवार को झांसा देना, कई बार बहुत खतरनाक हो जाता है। वह गुस्से में नोएडा से गुजरात-दमन तक गई। फिर हमसफर एक्सप्रेस से बिहार निकली। इसी ट्रेन के सहयात्री ने उसकी जिंदगी बदल डाली। फर्जी नौकरी मिली, रेप हुआ। अब बिकने वाली थी।

नई पीढ़ी की वह लड़की परिवार वालों से गुस्से में थी। गुस्सा दिखाने और परिवार वालों को सबक सिखाने के लिए वह नोएडा से निकल गुजरात चली गई। परिवार उसका साथ छोड़ने के लिए तैयार नहीं था। बचने के लिए दमन तक गई। फिर क्या दिमाग में सूझा कि लौटते हुए बिहार के लिए खुली हमसफर ट्रेन में आ गई। इसी यात्रा में उसे एक कथित सोशल मीडिया जर्नलिस्ट मिला। उसने झांसे में ऐसा लिया कि बड़े पद का नियुक्ति पत्र देखकर वह खुश हो गई। फिर भरोसे में उसने युवक को अपना आधार कार्ड दे दिया। यहां से असल खेल शुरू हुआ। आधार में छेड़छाड़ कर उसने खुद को युवती का पति दर्ज किया और होटल में नशा खिलाकर उससे रेप करता रहा। नेपाल से बिहार तक यह चला। अब बेचने की तैयारी थी कि तभी उत्तर प्रदेश की पुलिस पहुंच गई।

पश्चिम चंपारण के बेतिया में जब इस मामले का खुलासा हुआ लोग दंग रह गए। हालांकि, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ महिला थाना की मदद से एक होटल से युवती को सकुशल बरामद कर लिया गया है। सडीपीओ महताब आलम ने बताया कि पीड़ित युवती की शिकायत पर पूर्वी चंपारण के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के भरवलिया सारंगी छाप मिश्राईन टोला वार्ड नंबर 5 निवासी सोशल मीडिया जर्नलिस्ट त्रिभुवन मिश्रा, बेतिया के कमलनाथ नगर वार्ड नंबर 13 निवासी दो सगे भाई चंदन कुमार द्विवेदी व अभिषेक द्विवेदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

पीड़ित युवती ने महिला थाना बयान देते हुए कहा कि मैं अपने परिजनों से नाराज होकर 9 जनवरी को अपने घर से निकल गई। इसी दौरान पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंची। वहां पर खड़ी एक ट्रेन में बैठकरजोधपुर पहुंच गई। जोधपुर से सूरत, गुजरात और फिर सूरत से वापस दमन पहुंची। मेरी खोज के लिए घर वाले पीछे पड़े थे, घर वालों को चकमा देने के लिए मैं पटना आने वाली हमसफर ट्रेन में सवार हो गई। इसी ट्रेन में मेरी मुलाकात त्रिभुवन मिश्रा से हो गई। त्रिभुवन ने खुद को सोशल मीडिया जर्नलिस्ट बताया। उसने मुझे अपने मित्र कृतार्थ वैष्णव से मिलाया। दोनों ने मुझे बड़े पद नौकरी का झांसा दिया। इसके बाद त्रिभुवन मुझे लेकर नेपाल चला गया। वहां एक होटल में उसने मुझे दो दिन तक रखा। फिर 19 जनवरी को नेपाल से मुझे बेतिया ले आया और एक होटल में रखा। साथ ही उसने मेरे लिए एक फर्जी आधार कार्ड बनवाया। इसमें उसने मेरे नाम के साथ उसने अपना नाम जुड़वाया। कार्ड में उसने मेरे पति के रूप में अपना नाम लिखवाया। इतना ही नहीं फर्जी आई कार्ड बनवाकर मुझे न्यूज एडिटर के रूप में एक युवक ने ज्वाइन कराया।

युवती ने बताया कि उसने मुझे कई दिनों तक होटल में रखा। वहां नींद की गोली खिलाकर रोज शारीरिक संबंध बनाता रहा। इतना ही नहीं वह मुझे बेचने की साजिश भी रच रहा था। युवती ने बताया कि त्रिभुवन ने मुझे चंदन द्विवेदी और अभिषेक द्विवेदी से मिलवाया था। दोनों अपने को जर्नलिस्ट बताते थे। दोनों मुझे गंदी नजर से देखते थे और गलत नीयत से मुझे छुने का प्रयास करते थे। इसी बीच नोएडा पुलिस मुझे खोजते हुए यहां पहुंच गई। जिस कारण मेरी जान बची। बता दें युवती के घर से गायब होने के बाद उसके परिजनों ने नोएडा थाना में सहना दर्ज कराया था। इसलिए नोएडा पुलिस उसे खोजते हुए बेतिया पहुंच गई। नोएडा पुलिस ने बेतिया महिला पुलिस के सहयोग से बेतिया के एक होटल से बरामद कर लिया है।

### चिराग ने जीतनराम मांझी की मांग को माना जायज

**पटना।** हम पार्टी के सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की दो सीटों की मांग पर लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास प्रमुख चिराग पासवान ने मांझी जी की मांगों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अगर मांझी एक और मंत्री पद की मांग कर रहे हैं तो उस मांग को जरूर सुना जाना चाहिए। उसपर चर्चा जरूर होनी चाहिए और उनके (जीतनराम मांझी) ही शब्द में किसी तरह का अन्याय नहीं होना चाहिए। जीतनराम मांझी अपनी मांग को लेकर बिहार सरकार पर भड़के थे जिसके बाद चिराग पासवान ने उनका समर्थन किया है। लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि मुझे यह नहीं पता कि जीतन राम मांझी ने गठबंधन के भीतर यह मांग रखी थी या नहीं रखी थी। शपथ लेने के पहले इस विषय पर कोई स्पष्ट बात हुई थी या नहीं हुई थी, लेकिन हम इतना जरूर मानते हैं कि भले ही उनके विधायकों की संख्या कम हो पर आज की तारीख में जो राजनीतिक परिस्थिति है, उस हालात में उनके विधायकों की संख्या का महत्व तो है ही। ऐसे में अगर मांझी जी ऐसी बात कह रहे हैं और दो मंत्री पद की मांग कर रहे हैं तो उस मांग को जरूर सुना जाना चाहिए। उनके इस मांग पर चर्चा जरूर होनी चाहिए और उन्हीं की शब्दों में अन्याय नहीं होना चाहिए।

# हैसबैंड हेमंत गए जेल तो न्याय यात्रा छोड़कर कल्पना सोरेन से मिलने पहुंचे राहुल, जानिए क्या है इस मुलाकात का मैसेज

संवाददाता




**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ में जुटे हैं। हेमंत सोरेन ने विधानसभा के विशेष सत्र में जोरदार भाषण भी दिया। इस बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब रांची पहुंची, तो यात्रा को बीच में ही छोड़ कर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का हौसला बढ़ाने जा पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर झारखंड पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रांची में सोमवार को पूर्व हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद राहुल गांधी की कल्पना सोरेन से यह मुलाकात भविष्य की राजनीति को लेकर कई संदेश दे रहा है। इस मुलाकात से यह साफ हो गया है कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद आने वाले समय में जेएमएम का बागडोर कल्पना सोरेन के हाथों में होगा। वहीं राहुल गांधी ने इस मुलाकात के माध्यम से देशभर के आदिवासी समाज को भी संदेश देने का काम किया। कांग्रेस पार्टी में नहीं रहने के बावजूद कल्पना सोरेन मुलाकात कर राहुल गांधी ने राजनीतिक संकेत देने का प्रयास कि झारखंड में उनकी पार्टी जेएमएम के साथ मिलकर ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरेगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' सोमवार को रांची पहुंचे। राजधानी रांची के एचईसी कॉम्प्लेक्स के ऐतिहासिक शहीद मैदान में राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करने वाली थे। लेकिन जनसभा को संबोधित करने पहले राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के निर्धारित मार्ग से थोड़ा हटकर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के आवास पर जा पहुंचे। राहुल गांधी ने हेमंत सोरेन के आवास पर जाकर उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की और उनका हिम्मत बढ़ाया। बताया गया है कि हेमंत सोरेन ने जिस तरह से 'इंडिया' गठबंधन में रहते हुए तमाम तरह के दबाव के बावजूद कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा, उसके लिए राहुल गांधी ने कल्पना सोरेन के सामने पूर्व सीएम की तारीफ की। राहुल गांधी ने कल्पना सोरेन को भरोसा दिलाया कि उनके पति हेमंत सोरेन ने जिस तरह से लड़ाई की शुरुआत की है, उसमें पूरी कांग्रेस पार्टी की ओर से उन्हें हर तरह से मदद किया जाएगा। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद जिस तरह से झारखंड में तेजी से सियासी बदलाव देखने को मिल रहा है, उससे यह साफ संकेत मिलने लगा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का बागडोर आने वाले समय में कल्पना सोरेन के हाथों में होगा। प्रारंभ में चंपई सोरेन की जगह कल्पना सोरेन को ही सीएम बनाने की चर्चा थी, लेकिन बाद में उत्पन्न राजनीतिक परिस्थितियों की वजह से जेएमएम की ओर से पुराने झारखंड आंदोलनकारी चंपई सोरेन को जिम्मेदारी सौंपने का फैसला लिया गया।

### ससुर के श्राद्ध कर्म से लौट रहे दामाद की मौत

**पटना।** बिहार के नालंदा में सोमवार को ऑटो के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलटने से चालक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य सवार जख्मी हो गए। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत बिन्द-सकसोहरा मुख्य मार्ग के मदनचक गांव के पास का है। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के चेरो गांव निवासी नागो राम के बेटे पप्पू राम (48) के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक, पप्पू राम अपने ससुर दिवंगत लखन राम के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के बाद वह ऑटो लेकर वापस अपने घर लौट रहा था। इसी बीच मदनचक गांव के पास सामने से एक मोटरसाइकिल आ रही थी, जिसे बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 20 फीट के गड्ढे में पलट गया। इस हादसे में मौके पर ही पप्पू राम की मौत हो गई। जबकि उस पर सवार बिन्दा राम और संगीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घायलों को आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने बिन्द पीएचसी में भर्ती कराया।

### देश का बजट पेश, बिहार के वित्त मंत्री कब बनाएंगे बजट

**पटना।** देश का बजट पेश हो चुका है। विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलने के बाद अब बिहार के लोगों की नजर बिहार के बजट पर है। पांच फरवरी से बजट सत्र होना था, लेकिन सरकार बदलने के कारण यह टल गया। संकट यह है कि अबतक वित्त मंत्री का नाम ही तय नहीं है। बिहार में पांच फरवरी से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होने वाला था। सारी तैयारियां हो रही थीं, इसी बीच नीतीश कुमार ने महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और कुछ घंटे बाद वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुखिया बनकर फिर सीएम बन गए। यह सब रविवार को ही हो गया। आज गुरुवार है। महीना बदल चुका है। मतलब, फरवरी आ गया है। गुरुवार को देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्र की मौजूदा मोदी सरकार का अंतरिम बजट पेश कर दिया।

# लोकतंत्र की हत्या की अनुमति नहीं देंगे चंडीगढ़ महापौर चुनाव पर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

संवाददाता




**नई दिल्ली चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह लोकतंत्र की हत्या की अनुमति नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को सोमवार शाम 5 बजे तक सभी रिकॉर्ड सुरक्षित करने का आदेश दिया है। साथ ही 7 फरवरी को होने वाली चंडीगढ़ नगर निकाय की पहली बैठक को भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने का आदेश दिया है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद (Chandigarh Mayor Election Controversy) पर सुप्रीम कोर्ट (Supreme Court) ने तल्ख टिप्पणी की है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में पीठासीन अधिकारी की हरकतों पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यह लोकतंत्र का मजाक है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। हम इस तरह लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को आज यानी सोमवार शाम 5 बजे तक सभी रिकॉर्ड सुरक्षित करने का आदेश दिया है। कोर्ट इस मामले की सुनवाई 12 फरवरी को करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से मतपत्र, वीडियोग्राफी और अन्य सामग्री सहित चुनाव प्रक्रिया का पूरा रिकॉर्ड मांगा है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने 7 फरवरी को होने वाली चंडीगढ़ नगर निकाय की पहली बैठक को भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने का आदेश दिया है। रिटर्निंग अधिकारी के 'क्ककांग्रेस गठबंधन के आठ वोट रद्द करने की प्रक्रिया की सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की। ष्छद्ध डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आरओ (रिटर्निंग ऑफिसर) ने वोटों को विरूपित किया है और उस पर मुकदमा चलाने की जरूरत है। सीजेआई ने कहा कि यह लोकतंत्र का मजाक है। आरओ लोकतंत्र की हत्या कर रहा है। वह जो कर रहा है उससे हम आश्चर्यचकित हैं। क्या आरओ द्वारा इसी तरह से चुनाव कराया जाता है? हम इस तरह से लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। वह आदमी मतपत्रों को विकृत करता है। जैसे ही उसे नीचे एक क्रॉस दिखाई देता है। सीजेआई ने कहा कि अपने आरओ को बताएं कि सुप्रीम कोर्ट उन पर नजर रख रहा है। हम इस तरह से लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। इस देश में एकमात्र बड़ी स्थिर शक्ति लोकतंत्र की पवित्रता है। इससे पहले 'क्कने मतदान को ÷असंवैधानिक और अवैध÷ और ÷देशद्रोह÷ (देशद्रोह) का कृत्य करार दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर चुनाव चुराने का आरोप लगाया था। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को आप पार्षद कुलदीप सिंह की ओर से पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। क्योंकि हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ में नए मेयर चुनाव की मांग करने वाली पार्टी को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। दरअसल 20 पार्षद होने के बावजूद आप-कांग्रेस गठबंधन चुनाव हार गया था। पीठासीन प्राधिकारी अनिल मसीह, एक नामांकित पार्षद ने 36 में से आठ वोटों को अवैध घोषित कर दिया, जिनके पास वोटिंग का अधिकार नहीं था। बीजेपी प्रत्याशी मनोज सोनकर को 16 वोट मिले, जबकि 20 पार्षद होने के बावजूद आप-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप सिंह को 12 वोट मिले।

# राजस्थान में बीजेपी सरकार चलाएगी चलो गांव की ओर अभियान

एजेंसी



**जयपुर।** शहरी इलाकों की पार्टी समझी जाने वाली बीजेपी अब ग्रामीण इलाकों में अपना जनाधार मजबूत करेगी। लोकसभा चुनाव में इसे अमल करने जा रही है। बीजेपी ग्रामीण इलाकों पर फोकस करते हुए मंगलवार से देश भर में चलो गांव की ओर अभियान शुरू कर रही है।

राजस्थान में चलो गांव की ओर अभियान नौ से 11 फरवरी तक चलेगा। इसके तहत राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मंत्री, विधायक तथा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोश सहित पूरी बीजेपी गांवों में रात्रि विश्राम करेगी। बीजेपी नेता-कार्यकर्ता गांव-गांव, ढाणी-ढाणी पहुंचकर जनता से सीधा संवाद करेंगे। लोकसभा चुनावों को लेकर बीजेपी फुल फरूप रणनीति बना रही है। देश में ऐसा कोई वर्ग और तबका नहीं है, जिस तक बीजेपी नहीं पहुंच रही है। शहरी पार्टी समझी जाने वाली भाजपा लगतार इस मिथक को तोड़ने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व ने देश भर में गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंचने जा रही है। बीजेपी ने चार से 11 फरवरी तक देश भर के सभी गांवों तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया है। पूर्व राज्यसभा सांसद, नारायण पंचारिया ने कहा कि कांग्रेस अपनी गिरवान में झांककर देखे कि इससे पहले किस-किस को भारत रत्न दिया गया है। क्या इससे पहले इंदिरा गांधी को नहीं दिया गया। ये लोग सिर्फ ऐसी ही राजनीति करते हैं, ये गलत है कि भारत रत्न मरे हुए व्यक्ति को दिया जाता है। पंचारिया ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा को क्या पता कार्यकर्ता का मतलब क्या होता है। हमारी पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं का ध्यान रखा जाता है। इसलिए आखरी पंक्ति का कार्यकर्ता भी सूबे का मुख्यमंत्री बन सकता है। ये परिवार वाली पार्टी है, ये एक परिवार से ही संचालित होती है।

# 11 सूत्रीय मांग को लेकर आशा सहयोगिनियों का प्रदर्शन

❖मांगे नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी।

एजेंसी

**धौलपुर,राजस्थान।** धौलपुर जिले की आशा सहयोगिनी महिलाओं ने सोमवार को लामबंद होकर कलेक्ट्रट कार्यालय का घेराव कर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन के माध्यम से 11 सूत्रीय मांगों को लागू करने की मांग की है। मांगे लागू नहीं होने पर सरकार को आंदोलन की चेतावनी दी थी। आशा सहयोगिनी मीना, आशा एवं नाजिमा ने बताया कि राज्य सरकार उनके हितों के साथ कुठाराघात कर रही है। 11 सूत्रीय मांग राज्य सरकार से विगत लंबे समय से रखी जा रही है। लेकिन सरकार आंख कान बंद किए हुए बैठी है। कोरोना काल के दौरान आशा सहयोगिनी महिलाओं ने जान की बाजी लगाकर सेवा की थी। लेकर राज्य सरकार ने कोरोना काल के दौरान किए गए संघर्ष का कुछ भी नहीं दिया है। आशा सहयोगिनी महिलाओं को महज 4000 रुपये मासिक दिया जाता है, जिससे परिवार का भरण पोषण नामुमकिन है। मांग करते हुए कहा कि अमुक राशि को बढ़ाकर 18,000 रुपये राज्य सरकार को करना चाहिए। इसके अलावा आरजीएचएस कार्ड में आशा सहयोगिनी को सम्मलित करना चाहिए। उन्होंने कहा सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, इसके बदले में महज एक कार्ड के ?5 दिए जा रहे हैं। पांच रुपये की मजदूरी आशा सहयोगिनी के लिए



नाकाफी हो रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि कम से कम 20 रुपये आयुष्मान कार्ड का मानदेय होना चाहिए। आशा सहयोगिनी महिलाओं का कहना है कि 11 सूत्रीय मांग कांग्रेस सरकार के समय से महिलाएं करती आ रही हैं। लेकिन सत्ता परिवर्तन होने के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके हित और हकों का हनन किया जा रहा है। सोमवार को लामबंद होकर आशा सहयोगिनी महिलाओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। डीएम को सीएम के नाम ज्ञापन प्रेषित कर 11 सूत्रीय मांगों को लागू करने की मांग रखी है। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी देते हुए कहा, अगर सरकार ने 11 सूत्रीय मांगों को लागू नहीं किया तो आशा सहयोगिनी महिलाएं जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगी।

# कब होगी ईशान किशन और विराट कोहली की वापसी?

## दूसरे टेस्ट में जीत के बाद राहुल द्रविड़ ने दिया अपडेट

राजकोट में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 15 फरवरी को शुरू होगा। उस मैच को लेकर टीम इंडिया की सबसे बड़ी चिंता यह है कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली वापसी कर पाएंगे या नहीं। वहीं, विकेटकीपर ईशान किशन कब तक चयन के लिए उपलब्ध होंगे। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जीत हासिल कर सीरीज को 1-1 की बराबरी ला दिया है। हैदराबाद में हारने के बाद टीम इंडिया विशाखापत्तनम में 106 रन से जीत गई। अब दोनों टीमों को तीसरे टेस्ट से पहले 10 दिन का ब्रेक मिला है। राजकोट में तीसरा मुकाबला 15 फरवरी को शुरू होगा। उस मैच को लेकर टीम इंडिया की सबसे बड़ी चिंता यह है




कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली वापसी कर पाएंगे या नहीं। वहीं, विकेटकीपर ईशान किशन कब तक चयन के लिए उपलब्ध होंगे। इस पर कोच राहुल द्रविड़ ने बड़ा अपडेट दिया है। द्रविड़ ने कोहली की उपलब्धता पर कहा कि इसके लिए चयनकर्ताओं से पूछना होगा। भारतीय कोच ने कहा, %%इस बारे में चयनकर्ताओं से पूछना सबसे अच्छा है। चयनकर्ता आपको बताने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे क्योंकि वे कुछ दिनों में टीम की घोषणा करने वाले हैं। हम उनसे जुड़ेंगे और पता लगाएंगे।%% कोहली ने निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से अपना नाम वापस ले लिया था। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) में उनके साथी रहे दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने खुलासा किया कि विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा गर्भवती हैं और वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। द्रविड़ से जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईशान किशन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि किशन को यह तय करने की जरूरत है कि वह कब किसी प्रकार की क्रिकेट खेलना शुरू करेंगे। उसके बाद ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में चुनने पर विचार किया जा सकता है। कुछ ही समय पहले सभी प्रारूपों में भारतीय टीम के नियमित सदस्य किशन व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच में ब्रेक मांगने के बाद से एक्शन से गायब हैं। वह रणजी ट्रॉफी में झारखंड के लिए नहीं खेले हैं। द्रविड़ ने कहा, कसी के लिए भी और हर किसी के लिए वापसी का रास्ता है। मैं ईशान किशन मुद्दे के बारे में चर्चा नहीं करना चाहता। जितना हो सके उन्हें समझाने की कोशिश की है। मुद्दा यह था कि उन्होंने एक ब्रेक का मांगा था और हमने खुशी-खुशी उन्हें ब्रेक दिया। मैंने यह नहीं कहा कि उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना है। मैंने कहा कि जब वह तैयार हो जाएं तो उन्हें कुछ क्रिकेट खेलना होगा। यह उनकी पसंद है। हम उन्हें कुछ भी करने के लिए मजबूर नहीं कर रहे हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ जीत में हीरो बने यशस्वी का खुलासा दोहरा शतक लगाने के बाद सचिन से हुई थी बात

यशस्वी जायसवाल के 209 रन ने मैच में भारत की मजबूत स्थिति की नींव रखी। टीम इंडिया की पहली पारी 396 रन पर समाप्त हुई। उनके प्रदर्शन के बाद दूसरी पारी में शुभमन गिल के शतक और जसप्रीत बुमराह की असाधारण गेंदबाजी ने भारत को जीत दिलाई। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में भारत को मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले यशस्वी जायसवाल ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि मैच में दोहरा शतक लगाने के बाद उनकी बात महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से हुई थी। जायसवाल ने पूरे दिन पहले और दूसरे दिन बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 290 गेंदों पर 209 रन बनाए। वह टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बने। जायसवाल के 209 रन ने मैच में भारत की मजबूत स्थिति की नींव रखी। टीम इंडिया की पहली पारी 396 रन पर समाप्त हुई। उनके प्रदर्शन के बाद दूसरी पारी में शुभमन गिल के शतक और जसप्रीत बुमराह की असाधारण गेंदबाजी ने भारत को जीत दिलाई। यशस्वी ने भारतीय जमीन पर पहली बार टेस्ट में शतक लगाया। यशस्वी दूसरी पारी में सफल नहीं हुए। इसके बावजूद पहली पारी में उनकी पारी को प्रशंसकों से काफी प्रशंसा मिली। उनमें से एक तेंदुलकर थे, जिन्होंने युवा बल्लेबाज की पारी की सराहना की। जायसवाल से दूसरे टेस्ट में भारत की जीत के बाद ब्रॉडकास्टर से बातचीत में सचिन से बातचीत के बारे में खुलासा। उनसे तेंदुलकर के ट्वीट के बारे में पूछा गया। इसमें सचिन ने उनकी तारीफ की थी। इस पर युवा सलामी बल्लेबाज ने कहा कि उनकी तेंदुलकर से बातचीत हुई थी और भारतीय दिग्गज ने उन्हें कड़ी मेहनत करते रहने की सलाह दी थी। यशस्वी ने कहा, ÷मैंने सचिन तेंदुलकर से भी बात की। उन्होंने मुझे बधाई दी और कहा कि मैं वैसे ही कड़ी मेहनत करता रहूं। उन्होंने मुझसे कहा कि यह मेरे लिए एक महत्वपूर्ण समय है और निरंतरता बहुत महत्वपूर्ण है। सर की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं उनकी हमेशा प्रशंसा करता हूं। वह मेरे आदर्श हैं। यशस्वी ने अपनी पारी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि विकेट अच्छा था और अगर वे धैर्य रखें तो बड़ी पारी खेल सकते हैं। जायसवाल ने कहा कि एक बार जब उन्होंने भारत को पहली पारी में जल्दी विकेट खोते देखा, तो उन्होंने समझदारी से लंबी पारी खेलने का फैसला किया।

# इंडो नेपाल कबड्डी टूर्नामेंट में एवीएम की टीम ने लहराया परचम




**राजकुमार गुप्ता/आवाज प्लस**

**मथुरा।** कोसीकलां,शहर के आदर्श विद्या मंदिर की कबडडी टीम ने नेपाल के पोखरा में इंडो-नेपाल इंटर नेशनल इन्विटेशन स्पोर्ट्स एंड कल्चरल चैंपियनशिप के तत्वाधान में आयोजित इंटरनेशनल कबड्डी टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। विजेता टीम को विद्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। दरअसल आदर्श विद्या मंदिर कोसीकलां की टीम ने इंडो नेपाल इंटरनेशनल कबडडी टूर्नामेंट में भाग लिया था। टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शुरूआत की और अंत तक जोरदार खेल के दम पर उन्होंने विजयश्री हासिल की। टीम ने मेजवान टीम को बड़े अंतराल से शिकस्त देते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी भारत के नाम की। प्रतियोगिता में विजयी खिलाडी छात्र अभिषेक, राम, विवेक, मोहित, पवन, रामू ,अनिल, धीरू,रवि एवम कृष्ण को विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर मोनिका गुप्ता, प्रबंधक तरुण कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार सारस्वत, टीम कोच रामकरण चैधरी, कोऑर्डिनेटर कंचन खुराना आदि ने सम्मानित करते हुए जीत की बधाई दी।

## अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ रचा इतिहास, 45 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

# अश्विन के 97 टेस्ट में 499 विकेट

**आवाज प्लस डेस्क**

**विशाखापत्तनम।** अश्विन के पास विशाखापत्तनम में चार विकेट लेकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका था। वह 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उनके नाम अब 97 टेस्ट में 499 विकेट हैं। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले को अपने नाम कर लिया है। उसने विशाखापत्तनम में खेले गए मुकाबले को 106 रन से जीत लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गए पहले मुकाबले को अपने नाम किया था। भारत के लिए दूसरे टेस्ट में दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कुल तीन विकेट लिए। उन्होंने इस मैच के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में पूर्व स्पिनर भागवत चंद्रशेखर को पीछे छोड़ दिया। अश्विन के इंग्लैंड के खिलाफ 21 टेस्ट में 97 विकेट हो गए हैं। चंद्रशेखर ने 1964 से 1979 के बीच 23 टेस्ट में 95 विकेट झटके थे। इंग्लैंड के बेन डकेट को आउट कर उन्होंने चंद्रशेखर के 45 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अब वह इंग्लिश टीम के खिलाफ 100 विकेट पूरे



करने से सिर्फ तीन कदम दूर हैं। अश्विन के पास विशाखापत्तनम में चार विकेट लेकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका था। वह 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उनके नाम अब 97 टेस्ट में 499 विकेट हैं। अश्विन को अब 500 विकेट पूरे करने के लिए कम से कम 10 दिन का इंतजार करना होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। टेस्ट इतिहास में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब कोई गेंदबाज मैच समाप्त होने के बाद 499 विकेट के आंकड़े पर खड़ा हो। इससे पहले ग्लेन मैक्ग्रा के साथ ऐसा हुआ था। वह 2005 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट समाप्त होने के बाद उनके 499 विकेट थे। बाद में उन्होंने 563 विकेट के साथ अपने करियर का समापन किया। भारत और इंग्लैंड की टीमें चारों पारी में ऑलआउट हो गईं। भारत ने पहली पारी में 396 और दूसरी पारी में 255 रन बनाए। वहीं, इंग्लैंड ने पहली पारी में 253 और दूसरी पारी में 292 रन बनाए। भारत में खेले गए टेस्ट मैचों में यह पहली बार हुआ है जब दोनों टीमों ने अपनी दोनों पारियों में 250 से ज्यादा रन बनाए और ऑलआउट हो गई।

# ये दर्द कहीं सायटिका तो नहीं! जानें लक्षण और उपाय

नई दिल्ली। सायटिका नर्व पीठ के पिछले हिस्से से शुरू होती है और प्रत्येक पैर के पीछे तक जाती है। यह नर्व घुटने के निचले और पैर के पिछले हिस्सों को नियंत्रित करती है। इन नसों में जहां-जहां सूजन होती है, वहां-वहां दर्द होता है।

अक्सर महिलाओं को कमर में दर्द होता है, जिसको वे नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन कई बार यह किसी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है। शरीर का दर्द कई बार असहनीय होता है, लेकिन महिलाएं इसे नजरअंदाज कर देती हैं। कई बार शरीर का यह भयंकर दर्द 'सायटिका' हो सकता है। वैसे तो सायटिका एक सामान्य समस्या है, लेकिन इसे गंभीरता से लेना जरूरी है, क्योंकि इसमें पैर और लोअर बैक सुन्न पड़ सकते हैं और आपको कमजोरी महसूस हो सकती है। पैरों में दर्द या सायटिका का लक्षण प्रायः 40 साल की उम्र के बाद दिखाई देता है, लेकिन आजकल बदलती जीवन-शैली ने कम उम्र में भी लोगों को इस समस्या



का सामना करना पड़ता है।

### क्यों होता है सायटिका?

किसी भी मरीज को सायटिका का दर्द तब होता है, जब सायटिका तंत्र पर दबाव पड़ता है या इसकी क्षति होती है। सायटिका नर्व पीठ के पिछले हिस्से से शुरू होती है और प्रत्येक पैर के पीछे तक जाती है। यह नर्व घुटने के निचले और पैर के पिछले हिस्सों को नियंत्रित करती है। इन नसों में जहां-जहां सूजन होती है, वहां-वहां दर्द होता है। सायटिका का दर्द कभी भी नसों के दबने से नहीं होता, बल्कि नसों के बीच गद्दों में भरे जेल के निकलने से होता है। नसों के दबने से पैरों में कमजोरी होती है, लेकिन महसूस नहीं होती है।

### उम्र भी एक कारण

सायटिका का दर्द उम्र के साथ बढ़ता है, क्योंकि यह अधिक उम्र के साथ होने वाली समस्या है। लेकिन कभी-कभी कम उम्र में इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कई बार शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने से भी इस तरह के दर्द का सामना करना पड़ता है।

### दिखते हैं ये लक्षण

सायटिका में तेज दर्द के अलावा शुरुआती दिनों में झनझनाहट और जलन होती है। साथ ही दर्द अक्सर एक तरफ होता है, जो पिंडलियों और पैर के तलवे में होता है। सायटिका से पीड़ित व्यक्ति के पैर में कमजोरी महसूस होती है। खड़े होने और बैठने में दर्द महसूस होता है। दिन के एक निश्चित समय के दौरान खांसने-छींकने पर भी दर्द हो सकता है।

### करें ये उपाय

यह दर्द आपके लिए ज्यादा परेशानी खड़ी न करे, इसके लिए आप हमेशा गद्देदार बिस्तर का इस्तेमाल न करें। साथ ही रोजाना एक्सरसाइज करें। सायटिका से बचने के लिए रीढ़ की हड्डी का लचीला होना जरूरी है, इसलिए रीढ़ की एक्सरसाइज जरूर करें। दर्द की शुरुआत में भी कड़े व्यायाम शुरू न करें, इससे आपको परेशानी हो सकती है। आप हल्के व्यायाम शुरू करें और उन्हें जारी रखें।

### सर्दियों में खास ख्याल

सर्दियों के मौसम में सायटिका की परेशानी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में आपको धूप सेंकना चाहिए, खुद को ढक कर और गरम रखने की कोशिश करनी चाहिए। कम उम्र में इस तरह की समस्या खुद भी ठीक हो जाती है, लेकिन 90 दिन की फिजियोथैरेपी से मरीज को राहत मिलती है।

### व्यायाम और खान-पान

**डॉ. अनुपम सचान**
**वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ**





सायटिका का दर्द कई मरीजों के लिए असहनीय तो जरूर होता है, लेकिन उचित खान-पान और व्यायाम से इस मुश्किल से बचा जा सकता है। नियमित व्यायाम करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, इसलिए ऐसे में रोज व्यायाम करें। साथ ही झटके से बचें और सावधानी से काम करें।

सायटिका मूलतः डिस्क के उस हिस्से के फटने से होता है, जहां वर्टिब्रा कमजोर हो जाती है। हड्डियों में कैल्शियम और विटामिन डी की मात्रा ठीक होने से वे मजबूत होती हैं और इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है। इसके लिए आप खान-पान का ख्याल रखें। हमेशा हरी साग-सब्जियों, ज्वार, बाजरा और रागी का सेवन करें। इनको जीवन-शैली में गेहूं और चावल के साथ जोड़ें।

# हार्ट अटैक ही नहीं हृदय की इन समस्याओं ने भी इस साल किया परेशान

नई दिल्ली। हृदय रोग, वैश्विक स्तर पर गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनकर उभर रहे हैं। कुछ दशकों पहले तक हार्ट की बीमारियों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कतों के तौर पर जाना जाता था, हालांकि अब कम आयु के लोग भी इसके शिकार होते जा रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में हार्ट की समस्याओं का निदान किया जा रहा है। साल 2023 में हार्ट की समस्याओं पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि भारत ही नहीं दुनिया के कई देशों में पिछले कुछ वर्षों, विशेषतौर पर कोरोना महामारी के बाद हार्ट की समस्याएं अधिक रिपोर्ट की जा रही हैं। इस साल में अब कुछ दिन ही शेष हैं, जल्द ही हम नए वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं। डॉक्टर कहते हैं, हृदय स्वास्थ्य की चुनौतियां अभी कम नहीं



हुई हैं, साल 2024 में इसपर कंट्रोल पाया जा सके इसलिए जरूरी है कि हम सभी हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए लगातार प्रयास करते रहें। हार्ट अटैक ही नहीं हृदय की कई समस्याओं ने इस पूरे साल सभी को परेशान किया है। आइए इसपर एक नजर डालते हैं और इससे सीख लेते हुए अगले साल में हृदय को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी तरीके जानते हैं।

### हार्ट अटैक से बढ़े मौत के मामले

साल 2023 में आपने भी हार्ट अटैक के कई मामलों के बारे में जरूर सुना होगा। बड़ी संख्या में लोग इसके शिकार हुए। जनवरी के शुरुआती दिनों में, देश में जारी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पंजाब में दिल का दौरा पड़ने से जालंधर से कांग्रेस सांसद संतोख सिंह का निधन हो गया है। बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन को भी हार्ट अटैक पड़ा, जिसके बाद एंजियोप्लास्टी हुई और स्टेंट लगाई गई, जिसके बारे में मार्च में उन्होंने मीडिया से बताया। देशभर में इस पूरे साल हार्ट अटैक के मामले रिपोर्ट किए जाते रहे। गुजरात राज्य के शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने एक रिपोर्ट में बताया कि पिछले छह महीनों में प्रदेश में दिल का दौरा पड़ने से कुल 1,052 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से 80 प्रतिशत मृतक 11-25 आयु वर्ग के थे। वहीं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ह्ष्टक्रक्च) के अनुसार, साल 2022 में दिल के दौरे के मामलों में 12.5त्न की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई, ये गति 2023 में भी जारी रही।



### कार्डियक अरेस्ट बना मौत का कारण

हार्ट अटैक के साथ-साथ हृदय रोगों की अन्य समस्याओं ने भी लोगों को खूब परेशान किया, कार्डियक अरेस्ट भी उनमें से एक था। अगस्त के महीने में पेपरफ्राई कंपनी के को-फाउंडर अंबरीश मूर्ति की लेह में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई, वह 44 साल के थे। इसी तरह 33 वर्षीय ब्राजीलियन इंफ्लुएंसर लारिसा बोर्गेस की भी डबल कार्डियक अरेस्ट से मौत की खबर ने लोगों को चौंका दिया।

### हार्ट अटैक-कार्डियक अरेस्ट एक ही नहीं

गौरतलब है कि कार्डियक अरेस्ट और हार्ट अटैक दोनों ही हार्ट की समस्याएं हैं। हार्ट अटैक, कोरोनरी धमनियों के अवरुद्ध हो जाने के कारण होने वाली समस्या है। यदि इस स्थिति को अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो हृदय तक रक्त का प्रवाह रुक जाता और पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। वहीं कार्डियक अरेस्ट तब होता है जब व्यक्ति का हृदय रक्त को पंप करना ही बंद कर देता है। इस स्थिति में रोगी सामान्य रूप से सांस नहीं ले पाता है।

### एन्यूरिज्म भी बड़ा खतरा

हृदय रोगों की समस्याओं के बारे में बात करते समय अधिकतर चर्चा हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट की ही की जाती है, पर क्या आप जानते हैं कि एन्यूरिज्म भी आपके लिए बड़ा खतरा हो सकता है। जर्मन फिटनेस इंफ्लुएंसर और बॉडीबिल्डर जो लिंडनर की इसी साल जुलाई में मौत हो गई, वह महज 30 साल के थे। लिंडनर को एन्यूरिज्म की समस्या थी। एन्यूरिज्म को धमनीविस्फार भी कहा जाता है। यह धमनियों की दीवार में कमजोरी के कारण इसमें होने वाले विस्तार की समस्या है। इससे धमनियों में ब्रेक हो जाता है जो घातक जटिलताओं को जन्म दे सकती है। एन्यूरिज्म के बढ़ते जोखिमों को लेकर डॉक्टर अलर्ट करते हैं।

### GEN-Z वाले रहें अलर्ट

उम्र आधारित हृदय रोगों की समस्याओं के जोखिम को जानने के लिए किए गए अध्ययनों में पाया गया है कि त्रश्वहृ- समूह के लोगों में गंभीर हृदय रोग और हार्ट अटैक जैसी समस्याओं का जोखिम काफी तेजी से बढ़ा है। बचपन और किशोरावस्था में मोटापा या अधिक बीएमआई की समस्या हृदय रोगों को बढ़ा रही है। इसके अलावा युवाओं-वयस्कों में ब्लड प्रेशर की दिक्कत भी बढ़ी है जिसे हृदय रोगों के लिए एक कारण माना जाता है।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।